सुशासन दिवस आज

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



haribhoomi.com जबलपुर, गुरुवार 25 दिसंबर 2025



inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### बुजुर्ग पति-पत्नी 60 लाख रुपए की ठगी से बचे



**नीमच।** यहां साइबर सेल ने एक बुजुर्ग पति-पत्नी को ठगी का शिकार होने से बचा लिया। साइबर ठगो ने इस दंपत्ति को डरा-धमकाकर करीब 60 लाख रुपए हड़पने की पूरी तैयारी कर ली थी, लेकिन पुलिस ने सही समय पर पहुंचकर उनके पैसे डूबने से बचा लिए। ठगों ने पिछले 15 दिनों से इन बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट के नाम पर डरा रखा था।

### बोरदेही घाट में पलटी पिकअप, 31 घायल



**बैतूल।** जिले के खेड़ली बाजार–बोरदेही मार्ग पर ग्राम टूरा बोरगांव के पास घाट क्षेत्र में एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में वाहन में सवार 31 ग्रामीण घायल हो गए। सभी लोग छिंदवाड़ा जिले के ग्राम सेमरिया से मुलताई में आयोजित दसवां कार्यक्रम में शामिल होने आ रहे थे। सूचना मिलते ही घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

अटल जी के जन्मदिवस पर मप्र को मिलेगी विशेष सौगात

**निवेश से रोजगार-** अटल संकल्प, उज्ज्वल मध्यप्रदेश की थीम पर होगी ग्वालियर में आज 'अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट'

# गृहमंत्री अमित शाह करेंगे 2 लाख करोड़ की औद्योगिक इकाइयों का भूमि पूजन-लोकार्पण

रोजगार उपलब्ध कराने वाली औद्योगिक इकाइयों की स्थापना एवं संचालन करने वाले निवेशकों को सम्मानित किया जाएगा



अमित शाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिन के अवसर पर मप्र को 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा की सौगात मिलने जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में ग्वालियर में विशेष कार्यक्रम आयोजित हो रहा है। इसमें अलग-अलग विभागों से जुड़ी परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया जाएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपनी टीम के साथ एक दिन पहले बुधवार को ही ग्वालियर पहुंच गए। उन्होंने ग्वालियर मेला ग्राउंड में होने वाले अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट-रोजगार से निवेश का जायजा लेने के साथ ही अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिए। एमपीआईडीसी से मिली जानकारी के अनुसार अभ्युदय मप्र-ग्रोथ समिट में केंद्रीय नेतृत्व के साथ ही देश के दिग्गज उद्योगपति एमएसएमई लीडर्स भी शामिल होंगे।

शाह रीवा के बसामन मामा गो अभयारण्य भी जाएंगे, यहां बेसहारा और बीमार गोवंश को मिलता है आश्रय

शाह और मुख्यमंत्री डॉ. यादव करेंगे युवाओं को सम्मानित



सीएम यादव, केंद्रीय मंत्री सिंधिया तैयारियों का जायजा लेते हुए

## विकास की नई दिशा भी तय की जाएगी

अभ्युदय मप्र ग्रोथ समिट में 2 लाख करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्तावों के लिए भूमि आवंटन किया जाएगा। इसके साथ ही 10,000 करोड़ रुपए से अधिक की औद्योगिक परियोजनाओं का भूमि-पूजन और लोकार्पण किया जाएगा। निवेश से रोज़गार- अटल संकल्प, उज्ज्वल मध्यप्रदेश की थीम पर आधारित इस समिट में पिछले 2 वर्षों में प्रदेश में हुए औद्योगिक विस्तार, निवेश उपलब्धियों और रोज़गार सृजन के वास्तविक परिणामों को सबके साथ साझा किया जाएगा। इस समिट से आने वाले वर्षों में विकास की नई दिशा भी तय की जाएगी।

### उद्योग जगत की बड़ी हस्तियां होंगी शामिल

ग्रोथ समिट में देश के प्रतिष्ठित उद्योगपति और औद्योगिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इनमें गोदरेज इंडस्ट्रीज, गौतम सोलर, हीडलबर्ग सीमेंट, एलएनजे भीलवाड़ा समूह, जेके टायर, टोरेंट पावर, मैकेन फूड, एलिक्सर इंडस्ट्रीज़, ग्रीनको, जुपिटर वैगन्स, डाबर इंडिया, वर्धमान समूह, गोदरेज कंज्यूमर प्रोडक्ट्स और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसे प्रमुख औद्योगिक समूहों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

### युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि स्थानीय लोगों के समग्र विकास के लिये उन्हें सीधे रोजगार और आजीविका से जोड़ने के लिए ग्रोथ समिट का आयोजन किया जा रहा है। इस समिट से नए औद्योगिक क्षेत्र, क्लस्टर और प्लग-एंड-प्ले इकाइयों की शुरुआत से स्थानीय स्तर पर उद्योगों की स्थापना को बढ़ावा मिलेगा। इससे युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे। समिट में भूमि-पूजन और लोकार्पण के साथ भूमि आवंटन और आशय-पत्र भी वितरित किए जाएंगे। रोज़गार उपलब्ध कराने वाली औद्योगिक इकाइयों की स्थापना एवं संचालन करने वाले निवेशकों को सम्मानित किया जाएगा। समिट में युवाओं से संवाद भी किया जाएगा। संभाग स्तर पर औद्योगिक भूमि आवंटन से जुड़ी महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की जाएंगी।

**नए साल पर मां वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन के बदले नियम**

# दर्शन के 24 घंटे के अंदर कटड़ा बेस कैंप लौटना अनिवार्य हुआ

**आरएफआईडी कार्ड मिलने के बाद 10 घंटे के भीतर यात्रा शुरू करनी होगी**



एजेंसी ⏭ जम्मू

नए साल के अवसर पर जम्मू के रियासी जिले में स्थित मां वैष्णो देवी मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने यात्रा नियमों में बदलाव किया है। चढ़ाई और उतराई दोनों के लिए नए सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनका उद्देश्य भवन क्षेत्र में भीड़भाड़ रोकना, दुर्घटनाओं का जोखिम कम करना, मंदिर ट्रैक पर बेहतर भीड़ प्रबंधन और आपातकालीन प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना है।

संशोधित नियमों के तहत श्रद्धालुओं को रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडीसी) प्राप्त करने के 10 घंटे के अंदर यात्रा शुरू करनी होगी। दर्शन पूरा करने के बाद कटड़ा बेस कैंप लौटने के लिए अधिकतम 24 घंटे का समय दिया गया है।

**सूदखोरों से परेशान युवक ने जहर खाया**

# 20 हजार रुपए के 'कर्ज' के बदले वसूल चुका 10 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

- मरने से पहले वीडियो जारी कर सूदखोरों के फोटो और नाम दिखाए

जिले के बजरंगगढ़ थाना इलाके के बरखेड़ा गिर्द गांव में सूदखोरों से परेशान होकर एक युवक ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। 21 साल के सतीश धाकड़ ने मरने से पहले अपने मोबाइल पर एक वीडियो भी बनाया। इस वीडियो में उसने बाकायदा उन सूदखोरों के फोटो दिखाए और नाम बताए, जो उसे प्रताड़ित कर रहे थे। भोपाल में इलाज के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। उसने वीडियो में एक चौंकाने वाला खुलासा किया कि वह 20 हजार रुपए के कर्ज के बदले 10 लाख रुपए चुका चुका है, फिर भी उसे परेशान किया जा रहा था। सतीश ने सोमवार को सल्फास खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उसे गुना के निजी अस्पताल ले गए, जहां से भोपाल रेफर कर दिया गया। मंगलवार को भोपाल के निजी अस्पताल में उसने अंतिम सांस ली।



सतीश धाकड़





MPIDC
MP INDUSTRIAL DEVELOPMENT CORPORATION LTD.
उद्योग एवं रोज़गार वर्ष 2025
इन्वेस्ट मध्यप्रदेश
भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री
श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी
की 101वीं जयंती के अवसर पर
मध्यप्रदेश के औद्योगिक एवं
आर्थिक विकास की दिशा तय करता
ऐतिहासिक आयोजन
श्री नरेन्द्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, माननीय मुख्यमंत्री
निवेश से रोज़गार का अटल संकल्प
अभ्युदय
मध्यप्रदेश ग्रोथ समिट
मुख्य अतिथि
श्री अमित शाह
माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री, भारत सरकार
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
25 दिसम्बर, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे । मेला ग्राउंड, ग्वालियर
मुख्य आकर्षण
₹2 लाख करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्तावों का भूमिपूजन, भूमि आबंटन और एलओआई
₹5000 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण
अटल जी के जीवन एवं औद्योगिक नवाचार तथा सफल उद्योगों पर प्रदर्शनी
D-11172/25
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025
विकास और सेवा के 2 वर्ष
डॉ. मोहन यादव का अभ्युदय मध्यप्रदेश
सीधा प्रसारण
Webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh @jansamparkMP
JansamparkMP
invest.mp.gov.in

जबलपुर
गुरुवार, 25 दिसंबर 2025
पौष मास शुक्ल पक्ष-05
वर्ष : 20, अंक : 236
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3.00 *

मौसम
अधि. 25
न्यून. 11

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

मैरी क्रिसमस

haribhoomi.com





## सवाल था-आप की जन्मकुंडली क्या कहती है? अटल

सेंट्रल डेस्क ▶▶ भोपाल

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी। सीधी सपाट बात और वाणी का ओज, परंतु सबसे विशेष निश्छल स्वभाव और निर्भीक अभिव्यक्ति। जब वे मंच पर बोलते तो सफेद धोती-कुर्ता पहनावा। हवा में फड़कता दाहिना हाथ और वाक्यों के बीच में लंबा विराम। यह उनकी चिरपरिचित शैली। सारा देश उन्हें निर्विवाद रूप से सम्मान की नज़रों से देखता है। वह ज़माना जब 1957 में अटल बिहारी वाजपेयी लखनऊ से सांसद का चुनाव लड़ रहे थे, उनका मुकाबला था कांग्रेस के पुलिन बिहारी बनर्जी से। राजा बाज़ार उन दिनों भारतीय जनसंघ का गढ़ था और लोगों का जोश देखते ही बनता था जब वे बुलंद आवाज़ में कहते थे 'अटल हमारा अटल रहेगा, इसीलिए तो जीतेगा'।

अटल यादें



### मैं न तो टायर्ड हूं और न रिटायर्ड

एक बार साठ के दशक में गंगा प्रसाद मेमोरियल हॉल में उनकी मीटिंग थी, 1962 में चीन तथा 1965 में पाकिस्तान के साथ युद्ध हो चुके थे तो अटलजी ने कहा था हमें चीन के साथ वही भाषा बोलनी चाहिए जो भाषा वह समझता है। अटलजी घोंघा बसंत कवि सम्मेलन में भाग लेने जाते थे। जब उनसे किसी ने पूछा आप की जन्मकुंडली क्या कहती है तो उनका उत्तर था मैं कर्म कुंडली में विश्वास करता हूं। एक बार किसी सांसद ने कहा अटलजी आप बोलते समय हाथ बहुत चलाते हैं तो जवाब मिला- मैंने किसी को भाषण में पैर चलाते नहीं देखा। एक दिन अटलजी हाथ बांधकर बोल रहे थे तो इंदिरा गांधी ने कहा आप हाथ नहीं चला रहे हैं तो उत्तर था जब हाथ चलाता हूं तो आपको हिटलर नजर आता हूं। लखनऊ का मुस्लिम समाज उनका प्रशंसक तो था ही देश और दुनिया के लोगों ने उनकी सहिष्णुता को हमेशा सराहा।

## खबर संक्षेप

### छता में आंबेडकर प्रतिमा क्षतिग्रस्त, सचिव निलंबित



**दतिया।** छता गांव में असमाजिक तत्वों ने भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा को क्षतिग्रस्त कर दिया। प्रशासन ने नई प्रतिमा स्थापित कर दी। शांति कायम कर दी गई। कलेक्टर स्वप्निल वानखड़े ने लापरवाही मानते हुए सचिव रूपेंद्र सिंह बुंदेला को निलंबित कर दिया।

### ओंकारेश्वर पहुंची कंगना किए ज्योतिर्लिंग के दर्शन



**ओंकारेश्वर।** अभिनेत्री व सांसद कंगना रनौत ओंकारेश्वर पहुंचीं। उन्होंने भगवान श्री ओंकारेश्वर के दर्शन कर विधिवत पूजा-अर्चना की। मंदिर परिसर पहुंचने पर ओंकारेश्वर मंदिर ट्रस्ट के प्रबंधक ट्रस्टी राजा राव पुष्पेन्द्र सिंह द्वारा उनका स्वागत किया गया।

### छात्रा पर धर्म परिवर्तन कर निकाह का दबाव, केस दर्ज



**सीहोर।** जिले के श्यामपुर क्षेत्र के ग्राम खंडवा में लव जिहाद और धर्म परिवर्तन के दबाव का मामला सामने आया है। 11वीं की छात्रा को प्रेम जाल में फंसाकर उस पर इस्लाम धर्म स्वीकार करने और निकाह करने का दबाव बनाया गया। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

### बुजुर्ग को किया डिजिटल अरेस्ट, ऐंठे 9 करोड़



**मुंबई।** ठाकुरद्वार इलाके के 85 साल के एक बुजुर्ग को पुलिस ऑफिसर बनकर ठगों ने करीब 9 करोड़ ठग लिए। आरोपियों ने 'डिजिटल अरेस्ट' किया था। मनी लॉन्ड्रिंग और टेरर फाइनेंसिंग के नाम पर डराया।

## इसरो ने रचा इतिहास
### बाहुबली रॉकेट से ब्लू बर्ड-2 की सफल लॉन्चिंग

### 6100 किलो वजनी संचार उपग्रह 520 किलोमीटर दूर स्थित पृथ्वी की निचली कक्षा में 16 मिनट में सफलतापूर्वक स्थापित

# 4 जी या 5 जी नेटवर्क के लिए अब 'मोबाइल टावर' की जरूरत ही नहीं

*यह पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित होने वाला भारत की धरती से लॉन्च होने वाला सबसे बड़ा और सबसे भारी वाणिज्यिक संचार उपग्रह भी*



एजेंसी ▶▶ श्रीहरिकोटा

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बुधवार को इतिहास रच दिया है। दरअसल, इसरो ने इस साल के अपने आखिरी मिशन में सबसे भारी संचार उपग्रह ब्लूबर्ड ब्लॉक-2 को सफलतापूर्वक लॉन्च कर दिया है। यह पूरी तरह से कॉमर्शियल लॉन्चिंग रहा। मिशन के तहत अमेरिकी कंपनी एएसटी स्पेसमोबाइल के 6100 किलो वजनी ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 संचार उपग्रह को 520 किलोमीटर दूर स्थित पृथ्वी की निचली कक्षा में 16 मिनट में सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। इसरो ने इसकी लॉन्चिंग के लिए अपने एलवीएम3 रॉकेट का इस्तेमाल किया, जिसे इसकी क्षमताओं के चलते बाहुबली रॉकेट भी कहा जाता है। ये इस लॉन्च व्हीकल की छठवीं उड़ान रही और वाणिज्यिक मिशन के लिए तीसरी। यह लॉन्चिंग आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से सुबह 8:55 बजे हुई।

**इसरो ने इसकी लॉन्चिंग अपने 'बाहुबली' एलवीएम 3 रॉकेट से की**



***यह अमेरिकी कंपनी का सैटेलाइट, जिससे मोबाइल नेटवर्क बेहतर होगा***

***इस मिशन से इसरो की कमर्शियल सेक्टर में पकड़ मजबूत होगी***

### क्यों खास है इसरो का ये मिशन?

इस सफल लॉन्चिंग की अहमियत ये है कि इससे कमर्शियल स्पेस सेक्टर में भारत की अंतरिक्ष एजेंसी इसरो की पकड़ काफी मजबूत होगी। यह पृथ्वी की निचली कक्षा में स्थापित

### अंतरिक्ष में 'नए भारत' का परचम



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा एलवीएम 3-एम 6 रॉकेट के माध्यम से ब्लू बर्ड ब्लॉक-2 स्पेसक्राफ्ट के सफल प्रक्षेपण पर राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी के वैज्ञानिकों को बधाई दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पीएम मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत तेजी से अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है।

### पीएम मोदी ने जताई खुशी
#### आत्मनिर्भरता को मिला बढ़ावा



इसरो की सफल लॉन्चिंग पर खुशी जताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि भारत के युवाओं की ताकत से, हमारा अंतरिक्ष कार्यक्रम ज्यादा आधुनिक और असरदार बन रहा है। एलवीएम 3 ने भरोसेमंद हैवी-लिफ्ट प्रदर्शन दिखाया है, जिससे हम गगनयान जैसे भविष्य के मिशन के लिए नींव मजबूत कर रहे हैं।

### कॉमन एडमिशन टेस्ट 2025 रिजल्ट

## भोपाल के आकाशदीप गोयल 99.67 पर्सेंटाइल के साथ रहे सिटी टॉपर



आकाशदीप गोयल

- देशभर में 170 शहरों में बनाए गए थे 339 केंद्र
- 2.58 लाख उम्मीदवार हुए थे शामिल
- परीक्षा आईआईएम कोझिकोड द्वारा आयोजित की गई थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बुधवार को कॉमन एडमिशन टेस्ट (कैट) 2025 जारी कर दिया गया है। देश के 170 शहरों में 339 परीक्षा केंद्रों पर यह परीक्षा आयोजित की गई थी। देश के प्रतिष्ठित मैनेजमेंट प्रवेश परीक्षाओं में शामिल कॉमन एडमिशन टेस्ट 2025 में चयन के बाद अब उम्मीदवारों को देश के आईआईएम सहित अन्य प्रतिष्ठित संस्थानों में एमबीए, पीजीडीएम आदि कोर्से के लिए प्रवेश दिया जाएगा। इस परीक्षा में भोपाल के आकाशदीप गोयल ने 99.67 पर्सेंटाइल के साथ सिटी टॉपर रहे हैं। कैट 2025 में 2.58 लाख उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया था। यह आईआईएम कोझिकोड द्वारा आयोजित की गई थी।

#### पहली बार भी आईआईएम मिले

आकाशदीप ने 'हरिभूमि' को बताया कि उन्होंने पूरी तैयारी घर से ही की थी। पहली बार उन्होंने बिना तैयारी के परीक्षा दी थी, जिसमें उन्हें आईआईएम रायपुर सहित कुछ अन्य आईआईएम मिले थे, लेकिन इस बार पूरी तैयारी के साथ परीक्षा में शामिल हुए और 99.67 पर्सेंटाइल हासिल किया। आकाशदीप ने ट्रिपल आईटी ग्वालियर से बीटेक की डिग्री हासिल की है। उनकी मां गांधी मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग की एचओडी डॉ. मंजूषा गोयल हैं।

#### फाइनल 'आंसर की' पहले ही जारी

आईआईएम कोझिकोड ने कैट 2025 की फाइनल आंसर की 17 दिसंबर को जारी कर दी थी। इसके बाद उम्मीदवारों को अपने संभावित स्कोर का अंदाजा लग गया था। परीक्षा तीन अलग-अलग स्लॉट में आयोजित की गई थी।

### राहत राशि वितरण में ऐसी हेराफेरी
## बेटा-पत्नी-मां, रिश्तेदारों के खातों में



■ कलेक्टर ने चार बाबुओं को नौकरी से किया बर्खास्त

**खरगोन।** आरबीसी 6 (4) के तहत राहत राशि वितरण में गंभीर वित्तीय अनियमितताओं के मामले सामने आने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर भव्या मित्तल ने तहसील कार्यालयों में पदस्थ चार सहायक ग्रेड-3 कर्मचारियों को शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया है। साथ ही, इस पूरे मामले में शामिल एक निजी ऑपरेटर के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

### कार्यक्रम में देरी से पहुंचे अधिकारी
## सांसद ने अधिकारियों के पैर छूते हुए जताई नाराजगी



■ सांसद और विधायक ने किया इंतजार

**राजगढ़।** जिले के कुंडीबेह गांव में आयोजित जल अर्पण कार्यक्रम के दौरान उस समय अजीब स्थिति बन गई, जब सांसद रोडमल नागर कार्यक्रम में अधिकारियों की देरी से नाराज हो गए। तय समय पर मंच पर पहुंचे सांसद रोडमल नागर और विधायक अमरसिंह यादव को लगभग डेढ़ घंटे तक इंतजार करना पड़ा, जिसके बाद सांसद ने मंच से उतरकर अपना विरोध जताया।

### लोगों ने थाने का किया घेराव
## दंपती ने पेट्रोल डाल कर खुद को लगाई आग



■ सतवास तहसीलदार अटैच किया गया

**देवास।** बागली विधानसभा क्षेत्र के सतवास नगर में अतिक्रमण हटाने पहुंची टीम के सामने बुधवार सुबह व्यास दंपती ने खुद को आग लगा ली। दोनों गंभीर रूप से झुलस गए। दंपती को प्राथमिक उपचार के बाद इंदौर रेफर किया गया है। घटना के बाद कलेक्टर ने सतवास तहसीलदार को कलेक्टर कार्यालय में अटैच कर दिया है। सतवास बस स्टैंड पर स्टेशनरी और फोटोकॉपी की दुकान चलाने वाले संतोष व्यास एक कॉलोनी में मकान निर्माण करवा रहे थे।

### कीमत 30 करोड़, 5 क्विंटल वजन, 10 फीट लंबी
## कर्नाटक के भक्त ने अयोध्या भेजी सोने चांदी के श्रृंगार वाली रामलला की मूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या के राम मंदिर में एक और अमूल्य मूर्ति स्थापित होने जा रही है। यह मूर्ति भगवान राम की है, जोकि कर्नाटक शैली में बनी हुई है। इस मूर्ति में सोने, हीरे, पन्ना और अन्य कई कीमती चीजें जड़ी हुई हैं।

बताया जा रहा है कि मूर्ति का वजन 5 क्विंटल है और यह 10 फीट लंबी है। इसके अलावा इसकी लंबाई 8 फीट चौड़ी है।



दान में मिली यह प्रतिमा

भगवान राम की इस कीमती मूर्ति को कर्नाटक के एक अज्ञात भक्त ने भेजा है, जिसे उसने दान किया है। इसकी अनुमानित कीमत 25 से 30 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इसे दक्षिण भारतीय कारीगरों की कुशलता से बनाया गया है। अब इस प्रतिमा से जुड़ी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में मूर्ति का भव्यता देखते ही बन रही है। मूर्ति डाक विभाग की ओर से भेजी गई है और इसके बारे में अभी कोई ठोस जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

### छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने अहम फैसला सुनाया
## आई लव यू कहना, हाथ खींचना महिला की मर्यादा का उल्लंघन

**यह कृत्य आईपीसी की धारा 354 के तहत अपराध के दायरे में**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने फैसला सुनाया है कि आरोपी द्वारा एक महिला का हाथ पकड़कर उसे खींचते हुए आई लव यू कहना उसकी मर्यादा का उल्लंघन है।

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि किसी भी लड़की के साथ खास तौर पर ग्रामीण क्षेत्र में किसी युवा लड़के का ऐसा व्यवहार बहुत आपत्तिजनक है। जस्टिस नरेश कुमार चंद्रवंशी उस व्यक्ति की दोषसिद्धि के खिलाफ दायर



फाइल फोटो

याचिका की सुनवाई कर रहे थे, जो घटना के समय 19 साल का था। पीड़िता का हाथ पकड़कर उसे खींचने और कथित तौर पर स्कूल से लौटते समय आई लव यू कहने के आरोप में उसे आईपीसी और पॉक्सो की अलग-अलग धाराओं के तहत दोषी पाए जाने पर तीन साल की कठोर कारावास की सजा सुनाई गई थी।

कोर्ट ने कहा-अपीलकर्ता द्वारा पीड़िता के साथ किया गया कृत्य आईपीसी की धारा 354 के तहत अपराध के दायरे में आता है, क्योंकि उसने यह कृत्य पीड़िता की गरिमा को ठेस पहुंचाने के उद्देश्य से किया था। अदालत ने आईपीसी के प्रावधानों के तहत निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा, लेकिन सजा को तीन साल से घटाकर एक साल कर दिया।

### 22 दिसंबर को ओंकारेश्वर से परिक्रमा की शुरुआत की थी

**मां नर्मदा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने, डॉ. अभिमन्यु ने निकाली यात्रा**

## मां नर्मदा की परिक्रमा पर निकले मुख्यमंत्री डॉ. यादव के छोटे बेटे-बहू, 15 दिन में संपूर्ण करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सामूहिक विवाह सम्मेलन में शादी के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव के छोटे बेटे अभिमन्यु यादव अब नर्मदा परिक्रमा पर निकल गए हैं। वह 15 दिन में मां नर्मदा की परिक्रमा पूर्ण करेंगे। उनकी पत्नी डॉ. इशिता भी परिक्रमा में साथ हैं। डॉ. अभिमन्यु ने बड़े भाई वैभव-भाभी, बड़ी बहन-जीजा के साथ 22 दिसंबर को ओंकारेश्वर से यह परिक्रमा शुरू की।

यह परिक्रमा मां नर्मदा के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने, नवदांपत्य जीवन की मंगल कामना करने, पारिवारिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति तथा समाज के कल्याण के संकल्प के साथ की जा रही है।

***सामूहिक विवाह सम्मेलन में हुई है दोनों की शादी***

***साथ में बड़े भाई-भाभी और बहन-बहनोई भी हैं***



सीएम डॉ. मोहन यादव के बेटे-बहू नर्मदा परिक्रमा पर जाते हुए

#### स्वयं को सनातन धर्म में पूर्णतः समर्पित करने के लिए

डॉ. अभिमन्यु ने कहा कि मैं और मेरी धर्म पत्नी की हमेशा यह इच्छा होती है कि धार्मिक यात्रा पर जाएं, धार्मिक स्थलों पर जाएं और भगवान का आशीर्वाद लें। मां नर्मदा कल्पों से सनातन धर्म के प्राणों को प्रवाह देतीं रहीं हैं। हमारे पूरे परिवार की श्रद्धा और आस्था मां नर्मदा पर है। यह परिक्रमा उनका आशीर्वाद लेने के लिए की जा रही है।


खुशहाली की राह
पर खेती
श्री नरेन्द्र मोदी, माननीय प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, माननीय मुख्यमंत्री
प्राकृतिक खेती के नए सोपान
कृषक सम्मेलन
डॉ. मोहन यादव का
अभ्युदय मध्यप्रदेश
प्राकृतिक, जैविक खेती क्षेत्र में विस्तार, गौ-पालन एवं संरक्षण पर
संवाद तथा हितग्राहियों को लाभ वितरण
मुख्य अतिथि
श्री अमित शाह
माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री
भारत सरकार
अध्यक्षता
डॉ. मोहन यादव
माननीय मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
25 दिसम्बर, 2025 | अपराह्न 3:00 बजे
बसामन मामा गौ-वंश वन्य विहार, (पुर्वा) रीवा
सम्मेलन के माध्यम से सशक्त होंगे हितधारक
प्रगतिशील कृषक एवं कृषि उत्पादक संगठन के सदस्य
कृषि सखी, कृषि दीदी एवं कृषक मित्र
पशुपालक एवं डेयरी संचालक
कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि शोध छात्र
मत्स्य पालक कृषक
स्व-सहायता समूहों की लखपति दीदी
खाद्य प्रसंस्करण के युवा उद्यमी
क्षेत्रीय जनमानस
D-11173/25
विकास और सेवा के 2 वर्ष
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

# मप्र अभिभावक संघ ने फिर खोला निजी स्कूलों के खिलाफ मोर्चा

- मप्र हाईकोर्ट के निर्णय पर दाखिल करेगा पीआईएल
- सर्वोच्च न्यायालय तक जाने से पीछे नहीं हटेंगे- संघ

हरिभूमि, जबलपुर।

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट द्वारा हाल में स्कूल फीस मामले में दिए गए निर्णय पर मप्र अभिभावक संघ ने असंतोष जताते हुए एक बार फिर निजी स्कूलों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं स्कूलों द्वारा बढ़ाई गई फीस और उसकी वापसी को लेकर चल रहे कानूनी मामले में लाखों अभिभावकों के हित में सरकार द्वारा पक्ष न रखे जाने पर अभिभावकों में गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए सरकार को कटघरे में खड़ा कर दिया है।

दरअसल हाईकोर्ट के हालिया निर्णय के खिलाफ मप्र अभिभावक संघ ने अलग से पिटीशन दायर करने, सुप्रीम कोर्ट जाने का ऐलान किया है। संघ ने पत्रकार वार्ता आयोजित करते हुए आरोप लगाया कि शासन ने अभिभावकों के हितों की रक्षा करने के बजाय पूरे मामले में चुप्पी साध ली, जिसका सीधा नुकसान जिले के 4 लाख अभिभावकों को उठाना पड़ा है। यदि शासन समय रहते मजबूती से अभिभावकों का पक्ष रखता तो स्थिति अलग हो सकती थी। अब सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर अभिभावकों को न्याय दिलाने की लड़ाई और तेज की जाएगी। सभी अभिभावकों से एकजुट रहने की अपील की है।




## कार्यवाही पर पूरे देश में मिली थी सराहना

संघ के अध्यक्ष सचिन गुप्ता, लीगल एडवाइजर एड सुरेंद्र वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री से लेकर शिक्षा मंत्री तक ने सार्वजनिक मंचों से निजी स्कूलों और स्कूल माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई की बात करते रहे और इसकी प्रशंसा भी की, लेकिन जब कोर्ट में मजबूती से पक्ष रखने का समय आया तो सरकार पीछे हट गई। लगातार समय देने के बाद भी सरकारी वकील लेकिन कोई भी ठोस पक्ष कोर्ट के सामने नहीं रखा गया। एकतरफा निर्णय दिया गया। इस फैसले के बाद एक बार फिर वे अभिभावक शून्य की स्थिति में आ गए हैं और उन्हें आर्थिक व मानसिक रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## हमें नही दिया सुनवाई का मौका

वर्मा ने कहा कि निजी स्कूलों द्वारा नाजायज तरीके से वसूली गई लगभग 300 करोड़ रुपये की फीस की वापसी का इंतजार अभिभावक कर रहे थे। मामले में सुनवाई के दौरान बार-बार अपना पक्ष रखने से रोका गया। यहां तक कहा गया कि आप होते कौन हो, जबकि यह मामला सीधे-सीधे लाखों अभिभावकों के हितों से जुड़ा हुआ था। आदेश में कई तरह की खामियां हैं। मांग है कि अभिभावकों को पक्षकार बनाकर सुनवाई हो, सरकार स्पष्ट करे कि वह किसके साथ है। संगठन ने निर्णय लिया है कि इस पूरे मुद्दे को लेकर वे अलग से पिटीशन दायर करेंगे और सुप्रीम कोर्ट की लडाई लडी जाएगी। इस दौरान एड आशुतोष पटेल, अमित पालिया, गौरीश ठाकुर आदि उपस्थित थे।

## संघ ने माना हाईकोर्ट का आदेश दुर्भाग्यपूर्ण

अधिनियम 2017 की मंशा और स्पष्ट धाराओं को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया

फीस की समग्र परिभाषा (जिसमें सभी प्रकार के शुल्क शामिल हैं) को सीमित दृष्टि से देखा गया

अभिभावक संगठनों / पेरेंट्स एसोसिएशन को प्रभावी रूप से नहीं सुना गया

जिला फीस विनियामक समिति की वैधानिक शक्तियों को अनावश्यक रूप से सीमित कर दिया गया।

## संघ की मांग

1. अधिनियम 2017 का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए
2. अभिभावकों को पक्षकार बनाकर उनकी बात सुनी जाए
3. अवैध फीस वसूली पर की गई कार्यवाही को कमजोर न किया जाए
4. सरकार यह स्पष्ट करें कि वह अभिभावकों के साथ है या शिक्षा माफियाओं के साथ।

# अशोभनीय टिप्पणी मामले में भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंजू भार्गव को नोटिस

वायरल वीडियो के बाद संगठन ने मांगा सात दिन में जवाब

**जबलपुर।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंजू भार्गव का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल मच गई है। वीडियो में अंजू भार्गव एक कार्यक्रम के दौरान वहां मौजूद एक दिव्यांग महिला से अशोभनीय और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करती हुई दिखाई दे रही हैं। वीडियो में वह महिला से यह कहते हुए सुनी जा रही हैं कि "तू इस जन्म में अंधी बनी है, अगले जन्म में भी अंधी ही बनेगी।" इसके साथ ही उन्होंने महिला के खिलाफ धार्मिक और व्यक्तिगत स्तर पर भी आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिस पर व्यापक आपत्ति जताई जा रही है।

घटना का वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रियाएं देखने को मिलीं। आम नागरिकों के साथ-साथ सामाजिक संगठनों ने भी दिव्यांग महिला के साथ किए गए व्यवहार की निंदा की। मामला तूल पकड़ता देख भाजपा संगठन ने इसे गंभीरता से लिया और पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाने वाले इस प्रकरण पर त्वरित कार्रवाई की।

## धर्मांतरण के आरोपों के बीच हुआ विवाद

इस पूरे घटनाक्रम की पृष्ठभूमि शनिवार, 20 दिसंबर की बताई जा रही है। गोरखपुर क्षेत्र स्थित एक चर्च में आयोजित कार्यक्रम को लेकर हिंदू संगठनों द्वारा विरोध किया गया था। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि ब्लाइंड छात्रों को धर्मांतरण के उद्देश्य से चर्च में लाया गया है। इसी कार्यक्रम में अंजू भार्गव भी मौजूद थीं। विरोध और बहस के दौरान गोरखपुर पुलिस की उपस्थिति में ही अंजू भार्गव की दिव्यांग महिला से तीखी नोकझोंक हुई, जिसमें उन्होंने मर्यादा की सीमाएं लांघते हुए अशोभनीय शब्दों का प्रयोग किया। कार्यक्रम में उपस्थित हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं का कहना है कि हवाबाग कॉलेज से दृष्टिहीन बच्चों को बिना अनुमति के भोजन और अन्य प्रलोभनों के जरिए चर्च के कार्यक्रम में लाया



गया था। इसी मुद्दे को लेकर विवाद बढ़ा और बात कहासुनी तक पहुंच गई।

## भाजपा महानगर अध्यक्ष ने जारी किया नोटिस

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा महानगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने अंजू भार्गव को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। नोटिस में उनसे सात दिनों के भीतर लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है। नोटिस में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पार्टी के जिम्मेदार पद पर रहते हुए इस तरह का व्यवहार अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है और किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं है।

## आगे की कार्रवाई पर नजर

इस प्रकरण को लेकर भाजपा संगठन के भीतर भी चर्चा तेज है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने की स्थिति में आगे अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा सकती है। फिलहाल पूरे मामले पर सभी की नजर अंजू भार्गव के स्पष्टीकरण और पार्टी के अगले कदम पर टिकी हुई है।

# सड़क में किया चक्काजाम, अब एफआईआर में आ गया नाम

हत्या के विरोध में प्रदर्शन करने वालों पर पुलिस की कार्रवाई, 65 के खिलाफ एफआईआर, 25 नामजद

**जबलपुर।** शहर के माढ़ोताल थाना क्षेत्र में एक हत्या की घटना के बाद सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन करना प्रदर्शनकारियों को भारी पड़ गया। पुलिस ने यातायात बाधित करने और कानून व्यवस्था हाथ में लेने के आरोप में सख्त कदम उठाते हुए 25 नामजद सहित कुल 65 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। जानकारी के अनुसार, माढ़ोताल क्षेत्र में हुई एक हत्या की वारदात से आक्रोशित होकर बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए थे। प्रदर्शनकारियों ने मुख्य मार्ग को पूरी तरह अवरुद्ध कर दिया था, जिससे क्षेत्र की यातायात व्यवस्था चरमरा गई और आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस प्रशासन ने मोर्चा संभाला।

## पुलिस की सख्त कार्रवाई

माढ़ोताल थाना प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र सिंह पवार ने बताया कि सड़क जाम करना कानून और नियमों के विपरीत है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को बार-बार समझाइश दी, लेकिन जब भीड़ ने रास्ता खाली नहीं किया, तो विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि 25 लोगों को नामजद किया गया है, जबकि 40 अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गई है।

## अधिकारों के साथ कर्तव्यों का बोध

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि लोकतांत्रिक तरीके से विरोध करना हर नागरिक का अधिकार है, लेकिन सार्वजनिक मार्गों को बाधित करना अपराध की श्रेणी में आता है। इससे शांति व्यवस्था प्रभावित होती है। फिलहाल पुलिस मामले की गहन विवेचना कर रही है और फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है।

# संत रविदास विचार मंच की सभा 28 को

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच के मोहनलाल चौधरी ने बताया कि 28 दिसम्बर को महिला प्रकोष्ठ की रामकली चौधरी के निवास स्थान लालकुंआ पोलीपाथर में मंच की सभा दोपहर 02 बजे से आयोजित है। सभा के मुख्य अतिथि मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद होंगे एवं अध्यक्षता सचिव रामसिपाही सेठ करेंगे। मंच के कमल चौधरी, मनोज, तुलसीदास चौधरी, धर्मेन्द्र सतनामी, चंदाबाई, रामबाई, सियाबाई, द्रोपदीबाई, सीताबाई, मीना चौधरी, श्यामबाई चौधरी सहित अन्य ने सभा में उपस्थिति का अनुरोध किया है।

वरिष्ठ नागरिक से 27 दिसंबर तक कर सकेंगे आवेदन

# जबलपुर से 10 जनवरी को रवाना होगी मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत जबलपुर से तिरुपति–श्री कालहस्ती तीर्थ यात्रा पर जाने के इच्छुक वरिष्ठ नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कलेक्टर कार्यालय की धर्मस्व शाखा के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि 27 दिसंबर निर्धारित की गई है। चयनित तीर्थ यात्रियों के लिए जबलपुर से स्पेशल ट्रेन 10 जनवरी को रवाना होगी, जिसमें जबलपुर जिले के यात्रियों के लिए 300 सीटें आरक्षित की गई हैं।

योजना के तहत यात्रा के इच्छुक वरिष्ठ नागरिकों को आवेदन दो प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा। आवेदन पत्र तहसील स्तर पर तहसीलदार रांझी, गोरखपुर, अधारताल, सिहोरा, पाटन, मंझौली, कुंडम, पनागर, शहपुरा तथा जबलपुर कार्यालयों में जमा किए जा सकेंगे। इसके अतिरिक्त संबंधित मुख्य नगर पालिका अधिकारी अथवा संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कार्यालय में भी आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

आवेदन के साथ मूल निवासी होने के प्रमाण के रूप में राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, विद्युत देयक, मतदाता पहचान पत्र या शस्त्र लाइसेंस में से कोई एक दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य होगा। साथ ही आधार कार्ड की छायाप्रति और नवीनतम रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो भी आवेदन पत्र के साथ देना होगा। शासन द्वारा मान्य अन्य दस्तावेज भी स्वीकार्य होंगे। तिरुपति–श्री कालहस्ती तीर्थ यात्रा के लिए वे वरिष्ठ नागरिक पात्र नहीं होंगे, जिन्होंने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों के भीतर किसी भी तीर्थ की यात्रा की हो। ऐसे सभी आवेदकों को आवेदन के साथ यह घोषणा पत्र संलग्न करना होगा कि उन्होंने विगत पांच वर्षों में योजना के अंतर्गत कोई तीर्थ यात्रा नहीं की है।

प्रशासन ने पात्र वरिष्ठ नागरिकों से समय-सीमा के भीतर आवेदन करने की अपील की है, ताकि चयन प्रक्रिया समय पर पूरी कर यात्रा की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा सकें।

31 दिसंबर के बाद लगेगा 15 प्रतिशत अधिभार

# सम्पत्तिकर भुगतान में देरी पड़ेगी महंगी

**जबलपुर।** वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए सम्पत्तिकर जमा करने वाले करदाताओं के लिए महत्वपूर्ण। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि करदाताओं के लिए वर्तमान में बकाया राशि पर 8 प्रतिशत अधिभार प्रभावी है, 31 दिसंबर की समय-सीमा समाप्त होते ही इसमें 7 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि कर दी जाएगी। 1 जनवरी से करदाताओं को 15 प्रतिशत अधिभार का भुगतान करना होगा। इसलिए निगमायुक्त श्री अहिरवार एवं अपर आयुक्त अरविन्द शाह ने शहर के सभी करदाताओं से अपील की है कि 31 दिसम्बर के पूर्व समस्त बकाया करों की राशि जमा कर अधिभार देने से बचें।




निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि बढ़े हुए अधिभार से बचने के लिए नागरिकों के पास अब मात्र 7 दिन का समय शेष है, 31 दिसम्बर के बाद 1 जनवरी से 15 प्रतिशत अधिभार लगेगा। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि यदि 31 मार्च 2026 तक बकाया राशि जमा नहीं की जाती है, तो 1 अप्रैल से सम्पत्तिकर की राशि दोगुनी कर दी जाएगी।

निगम ने करदाताओं से अपील की है कि सम्पत्तिकर, जल शुल्क, डोर टू डोर उपभोक्ता प्रभार इन सभी का भुगतान 31 दिसंबर के पूर्व कर शहर के विकास में अपना सहयोग दें और निगम की अप्रिय कार्यवाही से बचें।

## विशेष शिविरों में उमड़ी भीड़

करदाताओं की सुविधा के लिए बुधवार को को शहर के सभी 16 संभागीय कार्यालयों में विशेष कर संग्रहण शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों को नागरिकों का सकारात्मक सहयोग मिला, 534 करदाताओं ने 25 लाख 10 हजार रूपये से अधिक की राशि निगम खजाने में जमा की।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

**जबलपुर।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध कब्जे हटाने के लिए नगर निगम की टीम ने बुधवार को भी व्यापक कार्यवाही की। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के सख्त निर्देशों के बाद, अतिक्रमण निरोधक दस्ते ने शहर के प्रमुख व्यावसायिक और व्यस्त क्षेत्रों में डेरा डाला। कार्रवाई के संबंध में अतिक्रमण अधिकारी मनीष तड़से ने बताया कि गढ़ा क्षेत्र के कछपुरा ब्रिज के पास स्थित लेफ्ट और राइट टर्न को पूरी तरह खाली कराया गया। यहाँ अवैध रूप से खड़े ठेलों और अस्थाई निर्माणों के कारण आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। विजयनगर क्षेत्र में फुटपाथों पर काबिज अस्थाई अतिक्रमणकारियों को हटाया गया। फुटपाथों के खाली होने से अब पैदल चलने वालों को सड़क पर नहीं उतरना पड़ेगा। गोल बाजार क्षेत्र के व्हीकल मोड रिछाई और सड़क किनारे लगे अवैध दुकानों व अस्थाई अतिक्रमण को सख्ती से हटाया गया। सिविक सेंटर में शहर के सबसे व्यस्त केंद्र समदड़िया मॉल के सामने लगी चौपाटी को हटाया गया। मॉल के सामने बेतरतीब तरीके से लगी दुकानों के कारण वाहनों की आवाजाही में काफी दिक्कत आ रही थी। तीन पत्ती बस स्टैंड क्षेत्र में न केवल अतिक्रमण हटाया गया, बल्कि नियम तोड़ने वालों पर स्पॉट फाइन भी लगाया गया।




गढ़ा में ऑनलाइन रेटिंग का झांसा देकर 1.20 लाख की ठगी

# कोतवाली में बिना ओटीपी निकल गए 3 लाख 20 हजार

**जबलपुर।** जिले में यूपीआई के माध्यम से साइबर ठगी के दो अलग-अलग मामले सामने आए हैं। एक मामले में बिना ओटीपी या किसी तरह का मैसेज आए बैंक खाते से लाखों रुपये ट्रांसफर कर लिए गए, वहीं दूसरे मामले में ऑनलाइन रेटिंग के नाम पर युवक से बड़ी रकम की ठगी की गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिना ओटीपी के खाते से निकले 3.20 लाख रुपये

थाना कोतवाली क्षेत्र निवासी जितेन्द्र दुबे उम्र 47 वर्ष, निवासी भंडारी बाबा मंदिर के पीछे उपरैनगंज ने लिखित शिकायत दर्ज कराई कि उनका खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मिलौनीगंज शाखा में है। उन्होंने बताया कि 29 अगस्त 2025 से 2 सितंबर 2025 के बीच विभिन्न तारीखों में उनके बैंक खाते से कुल 3 लाख 20 हजार रुपये आहरित कर लिए गए। इस दौरान न तो उन्हें कोई ओटीपी प्राप्त हुआ और न ही बैंक की ओर से किसी तरह का मैसेज आया। दिनांक 2 दिसंबर 2025 को जब वह पासबुक प्रिंट कराने बैंक गए, तब उन्हें खाते से निकाली गई राशि की जानकारी हुई। शिकायत के आधार पर थाना कोतवाली में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

## ऑनलाइन रेटिंग के झांसे में आकर 1.20 लाख की ठगी

दूसरा मामला थाना गढ़ा क्षेत्र का है। यहां राजुल अपार्टमेंट प्रेमनगर निवासी सुशील कुमार शर्मा उम्र 38 वर्ष ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एक फाइनेंस कंपनी में निजी नौकरी करता है। दिनांक 3 दिसंबर 2025 की सुबह करीब 11 बजे उसके मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से मैसेज आया, जिसमें ऑनलाइन रेटिंग देने पर प्रति रेटिंग 50 रुपये मिलने का लालच दिया गया। बताए अनुसार उसने पहले पांच रेटिंग दीं, जिसके बदले उसे 250 रुपये मिले। इसके बाद क्रमशः उससे यूपीआई के जरिए अलग-अलग रकम ट्रांसफर करवाई गई और कुछ राशि वापस भेजकर विश्वास में लिया गया। इसी क्रम में उससे 3 हजार, फिर 28 हजार और अंत में 80 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए गए। जब उससे 1 लाख 50 हजार रुपये मिलने का झांसा देकर और बड़ी रकम की मांग की गई, तब उसे धोखाधड़ी का शक हुआ। पीड़ित के अनुसार अज्ञात व्यक्ति ने बेईमानीपूर्वक उससे कुल 1 लाख 20 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करवा लिए। इस मामले में भी थाना गढ़ा में अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरू कर दी गई है।

उपार्जन केंद्रों की नियमित और सूक्ष्म मॉनिटरिंग करेंगे प्रशासनिक अधिकारी

# लगातार आती शिकायतों के बीच प्रशासन सख्त

**जबलपुर।** लगातार आ रही शिकायतों के बीच धान उपार्जन व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारू बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। धान उपार्जन में अनियमितताओं पर रोक लगाने, वास्तविक किसानों से ही खरीदी सुनिश्चित करने तथा बिचौलियों और व्यापारियों को इस प्रक्रिया से बाहर रखने के उद्देश्य से कलेक्टर श्री राघवेंद्र सिंह ने एक और अहम कदम उठाया है। प्रत्येक उपार्जन केंद्र पर नोडल अधिकारी की तैनाती और जिला अधिकारियों को निरीक्षण की जिम्मेदारी सौंपने के बाद अब राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों को भी सीधे मॉनिटरिंग का दायित्व दिया गया है।

कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में पदस्थ राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी अपने-अपने आवंटित तहसीलों के धान उपार्जन केंद्रों का नियमित और सूक्ष्म निरीक्षण करेंगे। यह अधिकारी लगातार भ्रमण कर व्यवस्था की निगरानी करेंगे और यदि कहीं भी किसी प्रकार की अनियमितता पाई जाती है तो तत्काल कार्रवाई करते हुए कलेक्टर को अवगत कराएंगे। प्रशासन का मानना है कि इस कदम से शिकायतों पर प्रभावी नियंत्रण लगेगा और किसानों को राहत मिलेगी।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि तहसीलवार अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि निगरानी में किसी प्रकार की कमी न रह जाए।



पनागर और शहपुरा तहसील के उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी संयुक्त कलेक्टर पीयूष दुबे को दी गई है। मझौली तहसील के उपार्जन केंद्रों की निगरानी संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन करेंगे, जबकि पाटन तहसील के उपार्जन केंद्रों का दायित्व संयुक्त कलेक्टर श्रीमती नदीमा शीरी को सौंपा गया है। इसी तरह सिहोरा तहसील के धान उपार्जन केंद्रों के निरीक्षण और मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर रघुवीर सिंह मरावी को दी गई है।

## अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में भाजपा कार्यालय में दीपोत्सव आयोजित

# अटल जी व्यक्तित्व और कृतित्व ज्योति के रूप में कर रहे कार्यकर्ताओं का मार्ग प्रशस्त : राकेश सिंह



जबलपुर

पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा पार्टी कार्यालय रानीताल में दीपोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह ने कहा कि अटल जी का व्यक्तित्व और कृतित्व कार्यकर्ताओं के लिए एक ज्योति की तरह मार्गदर्शक है।

अटल स्मृति पर्व के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकी, महानगर जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल, विधायक अशोक रोहाणी, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी पराँजपे, नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज, व्यापारी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल, महामंत्री पंकज दुबे और रंजीत पटेल सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा कि 25 दिसंबर को उनकी जन्म जयंती पूरे देश में उत्साह के साथ मनाई जाएगी। जन्म जयंती की पूर्व संध्या पर पार्टी कार्यालय में दीप प्रज्वलित कर अटल जी की स्मृति में उन्हें नमन किया गया और कार्यालय को दीपों से रोशन किया गया। कार्यक्रम में अभय सिंह ठाकुर, योगेंद्र राजपूत, तृष्णा चटर्जी, कौशल सूरी, मनीष जैन कल्लू, संकल्प पाठक, विभा उपाध्याय, विवेक अग्रवाल, राजेश मिश्रा, श्रीकान्त साहू, अमित जैन, राहुल दुबे, रवि शर्मा, चित्रकान्त शर्मा, कमलेश नामदेव, कुसुम चौबे, दिव्या वाजपेयी, मीना मरकाम, रोहित जैन, सोनू बचवानी, अमर पटेल, दिलीप पटेल, नरेश पटेल, सपन यादव, रूपा राव, मधुबाला राजपूत, सीमा सिंह, सारिका राय, मोना साहू, शिवा चौधरी, उज्जवल पचौरी, प्रमोद चोहटेल समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अटल जी के राष्ट्रवादी दृष्टिकोण, मर्यादा और विनम्रता ने उन्हें केवल राजनेता ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र और जनकल्याण के प्रतीक के रूप में यादगार बनाया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्यों में उनकी मूल्यवान सीखों को अपनाने का संकल्प लिया।

## पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती पर भाजपा का विशेष कार्यक्रम



**जबलपुर।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. पं. अटल बिहारी वाजपेई की जन्म जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जबलपुर महानगर द्वारा कल सभी 967 बूथों में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री की शताब्दी जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसके तहत कल प्रत्येक बूथ पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए जाएंगे। साथ ही, अटल जी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित अटल प्रदर्शनी का उद्घाटन दोपहर 2 बजे भाजपा संभागीय कार्यालय, रानीताल में किया जाएगा। उद्घाटन में लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं संभाग प्रभारी श्री राहुल कोठारी और सभी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने समस्त पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की है।



## नए साल में रांझी को नई सौगातः शारदा नगर पार्क बनेगा आकर्षक पर्यटन स्थल

जबलपुर

*शहर के रांझी क्षेत्र के निवासियों और छात्र-छात्राओं के लिए नया साल खुशियों की नई सौगात लेकर आ रहा है। केंट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी की पहल पर शारदा नगर पार्क को सुविधायुक्त और सुरक्षित पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। आगामी 1 जनवरी से यह पार्क पूरी तरह से नए स्वरूप में नागरिकों के लिए खुल जाएगा। आज विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के साथ पार्क का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्क के सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं को लेकर चर्चा हुई। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि पार्क का विकास ऐसा किया जाए कि यह न केवल स्थानीय निवासियों के लिए टहलने की जगह बने, बल्कि एक बेहतरीन पिकनिक स्पॉट के रूप में भी उभरे। मिनी तालाब में खिलेंगे कमल के फूल, जो पर्यटकों और बच्चों के लिए आकर्षण का केंद्र होंगे। पार्क में लाइट, बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं। रांझी क्षेत्र के घने रिहायशी इलाके के बीच यह पार्क शुद्ध हवा और शांति प्रदान करेगा। निरीक्षण के दौरान एम.आई.सी. सदस्य दामोदर सोनी, पार्षद अनुराग दाहिया, निशांत झारिया, श्रीमती संतोषी ठाकुर, श्रीमती सावित्री शाह गोड, अपर आयुक्त अरविंद शाह, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। यह पार्क रांझीवासियों के लिए मनोरंजन, स्वास्थ्य और प्राकृतिक वातावरण का बेहतरीन स्थल बनने की ओर अग्रसर है।*

## मटर तोड़ने आए मजदूरों को कंबल वितरण



**पाटन।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला जबलपुर के अंतर्गत पाटन विकासखंड के सेक्टर सकरा में अनीता बाई जनकल्याण नवांकुर संस्था द्वारा जन सहयोग से कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अन्य जिलों से मटर तोड़ने के लिए आए गरीब मजदूरों को कंबल वितरित किए गए। हर वर्ष जबलपुर के पाटन क्षेत्र में रोजगार की तलाश में हजारों मजदूर आते हैं, जो भीषण ठंड में छोटे-छोटे बच्चों के साथ अस्थायी निवास में रहते हैं। ऐसे जरूरतमंद मजदूरों की सहायता को संस्था ने ईश्वरीय सेवा मानते हुए यह पहल की। कार्यक्रम में संस्था की सचिव सहित अन्य सहयोगी उपस्थित रहे और जनसेवा के इस कार्य में योगदान दिया।

## पनागर में नवीनीकृत कम्युनिटी हॉल का लोकार्पण

पनागर

जनपद पंचायत पनागर अंतर्गत सभाकक्ष के नवीनीकरण से सुसज्जित कम्युनिटी हॉल का लोकार्पण समारोहपूर्वक संपन्न हुआ। पंचम वित्त आयोग मद से 15.05 लाख की लागत से कराए गए नवीनीकरण का लोकार्पण जनपद पंचायत अध्यक्ष शैलेंद्र पटेल ने किया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित जनपद सदस्य नीरज पांडेय, राजेंद्र पटेल, प्रदीप पटेल, अरविंद पटेल, विपिन पटेल एवं श्रीमती नीतू सुरजीत पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि नवीनीकृत कम्युनिटी हॉल से जनपद स्तर की बैठकों एवं सामाजिक-प्रशासनिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कार्य की गुणवत्ता की सराहना करते हुए इसे क्षेत्रीय विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।



# कांग्रेस का प्रदर्शन, मनरेगा नाम परिवर्तन के विरोध में ज्ञापन सौंपा



मझोली

मझोली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा केंद्र सरकार के निर्णय के तहत महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के नाम परिवर्तन के विरोध में कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अंबर राजपूत के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने योजना का नाम बदलने के प्रस्ताव को जनभावनाओं के विपरीत बताते हुए इसे वापस लेने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान सुरेश मांझी, चंदभान पटेल, त्रिलोक पटेल, बबलू पंडा, जित्तू ठाकुर, गिरानी पटेल, नदन, उपाध्यक्ष अभिषेक यादव, मुन्ना दाहिया, रत्नेश चौबे, विकास तिवारी, संज्जु ठाकुर, रिंकू ठाकुर, राहुल राजपूत, मनीष ठाकुर, महेंद्र राजपूत, अनिल ठाकुर, अंकु रजक, नितिन, उपाध्यक्ष अमित सेन एवं शिव सेन सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में भव्य क्रिसमस कार्निवल का आयोजन



**जबलपुर।** सेंट जेवियर्स हाई स्कूल, शांति नगर ने 23 दिसंबर 2025 को अपने रंगारंग क्रिसमस कार्निवल का आयोजन किया, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और अन्य लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस भव्य आयोजन में स्वादिष्ट भोजन के स्टॉल, मजेदार खेल गतिविधियाँ, आकर्षक प्रस्तुतियाँ और एक शानदार लाइव शो शामिल थे, जिसने पूरे स्कूल परिसर को उत्सवमय बना दिया। लाइव संगीत कार्यक्रम तनिष्क रॉबर्ट की टीम ने प्रस्तुत किया, जिसमें जीवंत संगीत और गीतों का संगम था। इसके साथ ही फूड फिएस्टा में विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गए और इंटरैक्टिव गेम्स, मजेदार प्रतियोगिताओं ने बच्चों और बड़ों का मनोरंजन किया। यह कार्निवल छात्रों, अभिभावकों, पूर्व छात्रों और अन्य लोगों के लिए खुला था, जिससे सामुदायिक एकजुटता की भावना भी बढ़ी। विद्यार्थियों के उत्साह और अभिभावकों के स्नेह ने इस क्रिसमस कार्निवल को विशेष और यादगार बना दिया।

## विवाह विप्र समाज संस्था का तृतीय युवक–युवती परिचय सम्मेलन आज

**जबलपुर।** विवाह विप्र समाज संस्था का तृतीय युवक–युवति परिचय सम्मेलन आज गुरुवार को श्री साकेत धाम, गौरीघाट, जबलपुर में आयोजित होगा। कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से सायंकाल 4 बजे तक चलेगा। सम्मेलन में संस्था के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित रामाधार प्यासी, उपाध्यक्ष पंडित महेंद्र कुमार पांडेय, सचिव पंडित विभव त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष पंडित किशोर कुमार तिवारी, सहसचिव पंडित प्रशांत कुमार पाठक, पंडित अजीत कुमार तिवारी और पंडित संतोष कुमार दुबे सहित अन्य गणमान्य सदस्य उपस्थित रहेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य युवक–युवतियों के बीच परिचय और सामाजिक संबंधों को सुदृढ़ करना है।

# जबलपुर में राकेश बेदी का कॉमिक वन-मैन शो 'मसाज' 30 दिसंबर को

**जबलपुर।** मशहूर वरिष्ठ अभिनेता राकेश बेदी 30 दिसंबर को अपने चर्चित कॉमेडी प्ले 'मसाज' का मंचन नेताजी सुभाष चंद्र बोस कन्वेंशनल एंड कल्चरल सेंटर में करेंगे। इस वन-मैन शो में वे एक साथ 24 किरदार निभाएंगे और अपनी कमाल की कॉमिक टाइमिंग से दर्शकों का मनोरंजन करेंगे। अभिनेता राकेश बेदी ने कहा कि यह नाटक उनके दिल के बेहद करीब है। 'मसाज' विजय तेंदुलकर द्वारा रचित व्यंग्यात्मक और हास्यप्रधान नाटक है, जो करीब 90 मिनट तक चलता है और मनोरंजन के साथ-साथ सामाजिक विसंगतियों पर तीखा व्यंग्य प्रस्तुत करता है। श्री बेदी पिछले 23 वर्षों से इस नाटक का मंचन देश-विदेश में कर रहे हैं और इसे दर्शकों से हमेशा जबरदस्त सराहना मिली है। इस अवसर पर चौरे सिनेमा कम्पनी के प्रोप्राइटर जितेंद्र चौरे, मेगा माइंड्स से महेश झरिया, गौरव सी. वी. सैलून से चिन्नी और विन्नी, और आकर्षण किड्स स्कूल की मंजूषा श्रीवास्तव सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। वरिष्ठ अभिनेता राकेश बेदी ने 150 से अधिक फिल्मों में काम किया है। उनकी प्रमुख फिल्मों में 'चश्मे बद्दूर', 'त्रिमूर्ति', 'मेरा दामाद' शामिल हैं। टीवी धारावाहिकों में उन्होंने 'ये जो है जिंदगी', 'श्रीमान श्रीमती' और 'कहीं तो होगा' जैसे लोकप्रिय कार्यक्रमों से दर्शकों के दिलों में अपनी खास जगह बनाई है। 'मसाज' का यह मंचन दर्शकों के लिए हँसी और मनोरंजन से भरपूर अनुभव साबित होगा।



## सांदीपनि शासकीय उ.मा. विद्यालय मझौली में सृजन कार्यक्रम आयोजित





मझौली

सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मझौली में बुधवार को सृजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने अपने-अपने शिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न विषयों पर आधारित 150 से अधिक प्रोजेक्ट तैयार कर प्रदर्शित किए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य राजेश सिंह ठाकुर द्वारा मां सरस्वती के पूजन के साथ किया गया। छात्राओं ने वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में एसबीआई लाइफ सिहोरा शाखा के ब्रांच मैनेजर विपिन गौतम सहित बड़ी संख्या में पालक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सृजन कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों में से 10 श्रेष्ठ विद्यार्थियों को एसबीआई लाइफ द्वारा पुरस्कार देने की घोषणा की गई। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती संगीता राय, प्रधानाध्यापक अजय कुमार रैकवार सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

## होटल में मिला भोपाल निवासी युवक का शव

**जबलपुर।** थाना भेड़ाघाट क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 24 दिसंबर बुधवार 2025 को सौरभ अवस्थी निवासी कचनार बरसाना, थाना विजयनगर ने सूचना दी कि उनके साले आकाश कन्हौआ उम्र 31 वर्ष निवासी कृष्णा एनक्लेव भोपाल, 23 दिसंबर की दोपहर से लापता थे। परिजनों को मोबाइल लोकेशन जबलपुर–शहपुरा के बीच मिलने पर सौरभ अवस्थी अपने साथियों के साथ तक्ष होटल पहुंचे, जहां होटल के कमरे नंबर 102 में आकाश कन्हौआ बेहोशी की हालत में मिले। प्रारंभिक रूप से जहरीली वस्तु के सेवन की आशंका जताई गई। युवक को उपचार के लिए अपोलो अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज की मर्चुरी में सुरक्षित रखवाते हुए मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मौत के कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होने की संभावना है।




**श्री शरद बंगाली-** कृष्णा होम्स, बिलहरी निवासी श्री शरद बंगाली का निधन हो गया। वे अमोल बंगाली के पिताजी थे, अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चमन कुमार वर्मा-** धनवंतरी नगर निवासी श्री चमन कुमार वर्मा (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक ढाके-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री दीपक ढाके (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री ज्वाला प्रसाद पुंज-** गोरखपुर शारदा टाकीज के पीछे निवासी श्री ज्वाला प्रसाद पुंज (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंदीराम चिमनानी-** द्वारका नगर रंजन मेडिकल के पास निवासी श्री चंदीराम चिमनानी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शरद बंगाली-** कृष्णा होम्स बिलहरी निवासी श्री शरद बंगाली (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दशरथ लाल केशरवानी-** गोहलपुर पुराना पुल निवासी श्री दशरथ लाल केशरवानी (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रमेशा कुमार दीक्षित-** एपीआर कॉलोनी कटंगा निवासी श्री रमेश कुमार दीक्षित (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अनिल राजपूत-** साहू मोहल्ला सिद्धबाबा निवासी श्री अनिल राजपूत (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कृष्णा बाई बर्मन-** आमनपुर मदनमहल निवासी श्री बद्री प्रसाद बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा बाई बर्मन (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गुलशन शर्मा-** जमतरा गौर निवासी श्री गुलशन शर्मा (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सरोज दीक्षित-** गोरैयाघाट एकता मार्केट के पास गौर निवासी श्री अशोक दीक्षित की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज दीक्षित (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रूपा बाई जाट-** पूर्वी बेलबाग निवासी श्री राजू जाट की धर्मपत्नी श्रीमती रूपा बाई जाट (56) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रोशन लाल कहार-** न्यू शोभापुर निवासी श्री रोशन लाल कहार (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सावित्री मलगानी-** भरतीपुर बड़ी ओमती निवासी श्री शोभामल मलगानी की धर्मपत्नी श्रीमती सावित्री मलगानी (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री उमेश चौहान-** हनुमान टोरिया कांचघर निवासी श्री दुलीचंद चौहान के पुत्र श्री उमेश चौहान (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुमंती बाई प्रजापति-** नारायण चौक द्वारका नगर लालमाटी निवासी श्री कंधी लाल प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती सुमंती बाई प्रजापति का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रामनाथ प्रधान-** महाराजपुर बड़ी खेरमाई मंदिर के पास निवासी श्री रामनाथ प्रधान (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
300/-
400/-
1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

चिंतन

# हवाई सुरक्षा की ओर देश के मजबूत कदम

भारत ने आकाश मिसाइल डिफेंस सिस्टम के एडवांस्ड वर्जन आकाश नेक्स्ट जेनरेशन (आकाश-एनजी) का सफल ट्रायल कर हवाई सुरक्षा की ओर मजबूती से कदम बढ़ा दिए हैं। यह एयर डिफेंस सिस्टम पूरी तरह से स्वदेशी है। यह एक साथ कई हवाई लक्ष्यों को निशाना बनाने की क्षमता रखता है। इसमें अपने ही देश के आरएफ सीकर, सॉलिड रॉकेट मोटर और आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम का इस्तेमाल किया गया है। इससे वायुसेना और थलसेना को और मजबूती मिलेगी। आकाश मिसाइल की जो प्रणाली है वह बहुत हाईटेक है। इसे देश की स्वदेशी एयर डिफेंस ताकत को मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है। आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम ने हर तरह के हवाई खतरों के खिलाफ अपनी बेहतरीन सटीकता साबित की। यह लंबी दूरी और अधिक ऊंचाई पर मौजूद टारगेट्स को दमदार ढंग से भेदने में सफल रहा। इसमें भविष्य के विकास की संभावनाएं बहुत हैं, जो रक्षा क्षमताओं को और मजबूत बनाएंगी। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) का कहना है कि ट्रायल के दौरान आकाश-एनजी ने अलग-अलग दूरी और ऊंचाई पर मौजूद हवाई लक्ष्यों को सटीकता से नष्ट किया। इसमें सीमा के पास कम ऊंचाई पर उड़ने वाले और लंबी दूरी पर ज्यादा ऊंचाई वाले लक्ष्य भी शामिल थे। आकाश-एनजी मिसाइल सिस्टम फाइटर जेट, क्रूज मिसाइल, ड्रोन और यूएवी को 80 किमी दूर तक और आकाश में 20 किमी ऊंचाई तक निशाना बना सकता है। इसके पास एक साथ 10 टारगेट को तबाह करने की क्षमता है। भारत की हवाई और जमीनी सुरक्षा को मजबूत करने के नजरिए से विकसित की गई इस मिसाइल की रेंज, स्पीड और रिस्पोंस पॉवर पहले से कहीं ज्यादा है। बता दें कि पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक की थी। इसके बाद पाकिस्तान की ओर से भारत पर हवाई हमले किए गए थे, इन हमलों को भारत के एयर डिफेंस सिस्टम की आकाश मिसाइलों ने ही नाकाम किया था। अब यह एयर डिफेंस सिस्टम का यह आधुनिक वर्जन पहले से कहीं अधिक शक्तिशाली है।

बता दें कि भारत के पास कई उन्नत डिफेंस सिस्टम हैं जो देश की सुरक्षा को मजबूत बनाते हैं। इनमें रूस से प्राप्त एस-400 ट्रायम्फ प्रणाली भारत की सबसे शक्तिशाली एयर डिफेंस प्रणालियों में एक है, इसकी रेंज 400 किमी तक है। आकाश मिसाइल सिस्टम एक मध्यम दूरी की, सतह से हवा में मार करने वाला मिसाइल सिस्टम है, जिसकी रेंज 25-30 किमी है। एक और बराक-8 को भारत और इजराइल ने मिलकर विकसित किया है, जिसकी रेंज 70 किमी. तक है। वहीं, बैलिस्टिक मिसाइल डिफेंस (बीएमडी) सिस्टम इसे पृथ्वी एयर डिफेंस (पीएडी) और एडवांस एयर डिफेंस (एएडी) के रूप में जाना जाता है, जो बैलिस्टिक मिसाइलों को रोकने में सक्षम है। स्पाइडर एयर डिफेंस सिस्टम भी एक शॉर्ट रेंज एयर डिफेंस सिस्टम है, जिसकी रेंज 15-20 किमी तक है। दूसरी तरफ, कुशा एयर डिफेंस सिस्टम एक स्वदेशी लंबी दूरी की वायु रक्षा प्रणाली है, जिसकी रेंज 500 किमी से अधिक है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि अब आकाश-एनजी की सफलता से न केवल भारत की रक्षा तैयारियां और मजबूत होंगी, बल्कि स्वदेशी रक्षा अनुसंधान को भी नई दिशा और गति मिलेगी।



अटल जी @101
विकास खितौलिया

# सत्ता नहीं, संस्कार की राजनीति

अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। वे न केवल एक सफल प्रधानमंत्री थे, बल्कि एक सच्चे लोकतंत्रवादी, संवेदनशील कवि और जनप्रिय नेता भी थे। उनके भाषणों में विचारों की स्पष्टता, भाषा की गरिमा और विरोधियों के प्रति सम्मान झलकता था। यह विशेषता उन्हें अन्य राजनेताओं से अलग करती थी कि वे कट्टर विरोध के बावजूद व्यक्तिगत मर्यादा नहीं तोड़ते थे। पंडित नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक, सभी ने उनके भाषण कौशल और बौद्धिक क्षमता की सराहना की। उस समय इंदिरा गांधी ने तो उन्हें भविष्य का प्रधानमंत्री तक कहा था। वाजपेयी जी का जीवन हमें शालीनता, सहिष्णुता और राष्ट्रप्रेम का मार्ग दिखाता है।

भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में कुछ व्यक्तित्व ऐसे हुए हैं जिन्होंने केवल सत्ता के शिखर तक पहुंचकर ही नहीं, बल्कि अपने विचार, आचरण और संवेदनशीलता से राष्ट्र की आत्मा में स्थायी स्थान बनाया। उनमें से थे महान व्यक्तित्व के धनी भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी, जिनका 25 दिसंबर 1924 को जन्म हुआ। वर्ष 2025 में हम उनके 101वें जन्मदिवस का स्मरण कर रहे हैं। यह अवसर केवल एक महान राजनेता के जन्मदिवस का नहीं, बल्कि राजनीति में नैतिकता, सहमति और राष्ट्रहित की परंपरा को नमन करने का अवसर है। अटल जी ने 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में हिस्सा लिया और इस दौरान उन्हें जेल भी जाना पड़ा। वे प्रारंभ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े और संघ के प्रचारक बने। यहीं से उनके सार्वजनिक जीवन की नींव पड़ी। स्वतंत्रता के बाद उन्होंने पत्रकारिता को माध्यम बनाकर राष्ट्रसेवा की दिशा में कार्य किया और कुछ समय बाद जनसंघ के माध्यम से संसदीय राजनीति में प्रवेश किया। वे पांचजन्य, वीर अर्जुन और राष्ट्रधर्म जैसे पत्र-पत्रिकाओं के संपादन से जुड़े।

वे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संस्थापक सदस्यों में से एक थे और तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। अटल बिहारी वाजपेयी न केवल एक सफल प्रधानमंत्री थे, बल्कि एक सच्चे लोकतंत्रवादी, संवेदनशील कवि और जनप्रिय नेता भी थे। उनका राजनीतिक जीवन सादगी, सच्चाई और राष्ट्रभक्ति की मिसाल था। अटल जी का जन्म मध्यप्रदेश के ग्वालियर जिले के शिंदे की छावनी में हुआ। उनके पिता श्रीकृष्ण बिहारी वाजपेयी एक अध्यापक और कवि-स्वभाव के व्यक्ति थे। माता श्रीमती कृष्णा देवी धार्मिक और सुसंस्कृत महिला थीं। वाजपाई जी की प्रारंभिक शिक्षा ग्वालियर में हुई। आगे चलकर उन्होंने विक्टोरिया कॉलेज (वर्तमान लक्ष्मीबाई कॉलेज) से स्नातक और डीएवी कॉलेज, कानपुर से राजनीति शास्त्र में स्नातकोत्तर किया। वर्ष 1957 में वे पहली बार बलरामपुर (उत्तर प्रदेश) से लोकसभा सांसद बने। उनके भाषणों में विचारों की स्पष्टता, भाषा की गरिमा और विरोधियों के प्रति सम्मान झलकता था। यह विशेषता उन्हें अन्य राजनेताओं से अलग करती थी कि वे कट्टर विरोध के बावजूद व्यक्तिगत मर्यादा नहीं तोड़ते थे। पंडित नेहरू से लेकर इंदिरा गांधी तक, सभी ने उनके भाषण कौशल और बौद्धिक क्षमता की सराहना की। उस समय इंदिरा गांधी ने तो उन्हें भविष्य का प्रधानमंत्री तक कहा था। वे 10 बार लोकसभा और 2 बार राज्यसभा के सदस्य रहे। आपातकाल (1975-77) के दौरान उन्होंने जेल भी काटी। आपातकाल के बाद जनता पार्टी बनी और उसमें अटल जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। हालांकि, विचारधारात्मक मतभेदों के चलते 1980 में भारतीय जनता पार्टी का गठन हुआ, जिसमें अटल जी को पहला राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया। भाजपा की स्थापना के बाद अटल ने उसे एक मजबूत वैकल्पिक राजनीतिक शक्ति के रूप में खड़ा किया। अटल बिहारी वाजपेयी तीन बार भारत के प्रधानमंत्री बने। पहली बार 16 मई 1996 से 1 जून 1996 (13 दिन की सरकार) इस अल्पकालिक सरकार ने बहुमत सिद्ध नहीं कर पाने के कारण इस्तीफा दे दिया। दूसरी बार वे अल्पकालीन में 19 मार्च 1998 से 13 अक्टूबर 1999 तक और तीसरी बार



प्रधानमंत्री बने 13 अक्टूबर 1999 से 22 मई 2004 तक। यह कार्यकाल पूर्ण अवधि का था और इस दौरान उन्होंने भारत के आर्थिक विकास, अवसंरचना निर्माण और विदेश नीति को एक नई दिशा दी। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ऐसे पहले गैर-कांग्रेसी प्रधानमंत्री थे, जिन्होंने पांच साल का कार्यकाल पूरा किया था।


1998 में पोखरण में किए गए परमाणु परीक्षणों ने भारत को विश्व की परमाणु शक्तियों की पंक्ति में खड़ा कर दिया। पाकिस्तान के साथ संबंध सुधारने के लिए उन्होंने फरवरी, 1999 में दिल्ली-लाहौर बस सेवा शुरू की थी, जो आज भी कूटनीतिक इतिहास में साहसिक पहल मानी जाती है। हालांकि इसके तुरंत बाद पाकिस्तानी सैनिकों ने करगिल में भारतीय सीमा में घुसपैठ कर ली तब पाकिस्तानी सैनिकों को भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया। इसके बाद एक बड़ी घटना वाजपेयी सरकार में कंधार हाइजैक हुई। 24 दिसंबर को पाकिस्तान स्थित चरमपंथी संगठन हरकत-उल-मुजाहिदीन के लोगों ने आईसी-814 विमान का अपहरण कर लिया था। काठमांडू से दिल्ली आ रहे इस विमान में 176 यात्री और चालक दल के 15 लोग सवार थे। अपहरणकर्ता इस विमान को कंधार ले गए। विमान में सभी बंधकों को रिहा करने के बदले भारत सरकार से तीन चरमपंथी मुश्ताक अहमद जरगर, अहमद ओमार सईद शेख और मौलाना मसूद अजहर को रिहा किया। 13 दिसंबर, 2001 को पांच चरमपंथियों ने भारतीय संसद पर हमला कर दिया। इस हमले में पांचों चरमपंथी और कई सुरक्षाकर्मी मारे गए थे। इसके बाद पाकिस्तान की कमान परवेज मुशर्रफ के हाथों में आ गई, वाजपेयी ने तब भी रिश्ते को सुधारने के लिए बातचीत को तरजीह दी, आगरा में दोनों नेताओं के बीच हाई प्रोफाइल मुलाकात हुई भी हालांकि ये बातचीत नाकाम हो गई थी। अटल बिहारी वाजपाई केवल राजनेता नहीं थे, वे एक संवेदनशील कवि भी थे। उनकी प्रसिद्ध पंक्तियां 'हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा, काल के कपाल पर लिखता-मिटाता हूं'। आज भी युवाओं में ऊर्जा और आशा का संचार करती हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, स्वर्णिम चतुर्भुज परियोजना, और आर्थिक उदारीकरण को गति देना उनके कार्यकाल की प्रमुख उपलब्धियां रहीं। शिक्षा और दूरसंचार सुधार में अटल जी ने सर्व शिक्षा अभियान की शुरुआत की, जिससे प्राथमिक शिक्षा को बढ़ावा मिला। उन्होंने दूरसंचार क्षेत्र में निजीकरण और उदारीकरण को प्रोत्साहित किया, जिससे मोबाइल और इंटरनेट सेवाओं का विस्तार हुआ।

वे भारतीय राजनीति के अजातशत्रु कहे जाते थे। अटल जी को उनके अतुलनीय योगदान के लिए अनेक सम्मान प्राप्त हुए। 1992 में उन्हें भारत के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान, पद्म विभूषण से नवाजा गया। कई विश्वविद्यालयों ने उन्हें डॉक्टरेट की उपाधियां भी प्रदान की। 2015 में उन्हें भारत रत्न मिला। उनकी विरासत केवल योजनाओं या नीतियों तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसी राजनीति की है जहां संवाद, सहमति और संवेदनशीलता सर्वोपरि हों। वाजपेयी जी लंबे समय तक अस्वस्थ रहे और उनका निधन 16 अगस्त 2018 को एम्स, नई दिल्ली में हुआ। उन्हें राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी गई। उनकी कार्यशैली, उनका साहित्य, उनकी दूरदर्शिता और उनकी राष्ट्रभक्ति सदैव भारतवासियों के दिलों में जीवित रहेगी। अटल बिहारी वाजपेयी जी का 101वां जन्मदिवस हमें यह स्मरण करवाता है कि राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि सेवा, संयम और सिद्धांतों का माध्यम हो सकती है। आज जब राजनीति में कटुता और विभाजन बढ़ रहा है, वाजपेयी जी का जीवन हमें शालीनता, सहिष्णुता और राष्ट्रप्रेम का मार्ग दिखाता है।

(लेखक शोधकर्ता एवं विचारक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

तुलसी पूजन दिवस
महेन्द्र तिवारी



# तुलसी : दैनिक आराधना से पर्यावरण रक्षा तक

भारतीय संस्कृति में तुलसी का स्थान अत्यंत विशिष्ट और बहुआयामी रहा है। वह केवल एक औषधीय पौधा या घर के आंगन की शोभा ही नहीं, बल्कि आस्था, अनुशासन और जीवन-दर्शन का जीवंत प्रतीक है। तुलसी को 'वृंदा' और 'हरिप्रिया' के रूप में साक्षात देवी का स्वरूप माना गया है। तुलसी पूजन दिवस का महत्व इसी सांस्कृतिक दृष्टि से और अधिक स्पष्ट होता है। यह दिवस हमें स्मरण कराता है कि भारतीय परंपरा में प्रकृति और ईश्वर को कभी अलग नहीं माना गया। धार्मिक आस्था के साथ-साथ तुलसी पूजन दिवस का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष स्वास्थ्य और आयुर्वेद से जुड़ा हुआ है। आयुर्वेद में तुलसी को 'अमृततुल्य' माना गया है और उसे 'औषधियों की रानी' कहा गया है। तुलसी के पत्ते श्वसन तंत्र, पाचन, प्रतिरक्षा प्रणाली और मानसिक स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी माने जाते हैं। तुलसी पूजन दिवस का उद्देश्य केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं है, बल्कि यह लोगों को इस प्राचीन औषधीय ज्ञान के प्रति जागरूक करने का प्रयास भी है। "हर घर तुलसी, स्वस्थ घर का संकल्प इस बात का प्रतीक है कि भारतीय समाज फिर से अपने आयुर्वेदिक ज्ञान को जीवन का अभिन्न अंग बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। यह आंदोलन तुलसी को केवल पूजा का विषय न बनाकर दैनिक जीवन की आवश्यकता के रूप में स्थापित करने का प्रयास करता है। तुलसी पूजन दिवस का आधुनिक स्वरूप वर्ष 2014 के बाद सामने आया, जब इसे 25 दिसंबर को एक संगठित सांस्कृतिक अभियान के रूप में मनाने का आह्वान किया गया। इस तिथि का चयन प्रतीकात्मक महत्व रखता है, जिस दिन विश्व का एक बड़ा हिस्सा क्रिसमस डे मनाता है, उसी दिन तुलसी पूजन से एक वैकल्पिक उत्सव दृष्टि प्रस्तुत की गई। यह संदेश स्पष्ट है कि उत्सव केवल उपहारों, सजावट और उपभोग तक सीमित नहीं होते, बल्कि वे आत्मसंयम, प्रकृति-संरक्षण और आंतरिक संतुलन का भी माध्यम हो सकते हैं। यह किसी अन्य संस्कृति के विरोध का प्रयास नहीं, बल्कि अपनी सांस्कृतिक दृष्टि को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने का तरीका है।

पर्यावरणीय दृष्टिकोण से तुलसी पूजन दिवस की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। जलवायु परिवर्तन, बढ़ता वायु प्रदूषण और घटता हरित क्षेत्र आज की सबसे बड़ी चुनौतियां हैं। ऐसे समय में तुलसी जैसे छोटे पौधे का महत्व असाधारण हो जाता है। तुलसी वातावरण को शुद्ध करने, ऑक्सीजन उत्सर्जन और कीटाणुनाशक गुणों के लिए जानी जाती है। इस दिवस पर होने वाले सामूहिक पौधरोपण अभियान शहरी जीवन में हरियाली लौटाने की प्रेरणा देते हैं। बालकनी, छत या घर के छोटे से कोने में लगाया गया तुलसी का पौधा एक 'मिनी ग्रीन जोन' का निर्माण करता है। जब एक बच्चा अपने माता-पिता के साथ तुलसी का पौधा लगाता है, तो वह केवल एक पौधा नहीं रोपता, बल्कि अपने भीतर प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता और संरक्षण की भावना भी विकसित करता है। तुलसी पूजन दिवस इस व्यक्तिगत जिम्मेदारी को सामूहिक चेतना में बदलने का कार्य करता है।

सांस्कृतिक और मानसिक स्तर पर भी तुलसी पूजन दिवस की भूमिका महत्वपूर्ण है। तेजी से बढ़ते पश्चिमीकरण और उपभोक्तावादी प्रवृत्तियों के बीच भारतीय युवाओं का अपनी परंपराओं से दूर होना एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसे में तुलसी पूजन के माध्यम से अपनी सांस्कृतिक विरासत पर गर्व करने का अवसर मिलता है। यह दिवस सिखाता है कि आधुनिकता और परंपरा एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि संतुलन में रहकर ही समाज को सशक्त बना सकते हैं। घर में तुलसी के बहाने होने वाली दैनिक पूजा, ध्यान और मंत्र-जप मानसिक तनाव को कम करते हैं और पारिवारिक सामंजस्य को बढ़ाते हैं। सामूहिक भजन-कीर्तन और पारिवारिक सहभागिता व्यक्ति को एकाकीपन से बाहर निकालकर समाज से जोड़ती है। अंततः तुलसी पूजन दिवस केवल एक धार्मिक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय समाज के आत्ममंथन और पुनर्जागरण का प्रतीक है। यह हमें सोचने पर विवश करता है कि हम किस प्रकार के उत्सव चाहते हैं, केवल उपभोग पर आधारित या जीवन और प्रकृति के प्रति संवेदनशील। 25 दिसंबर को तुलसी पूजन के माध्यम से यह संदेश दिया जाता है कि संस्कृति स्थिर नहीं होती, वह समय के साथ संवाद करती है और नई चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को ढालती है। यदि यह दिवस हमें अधिक संयमित, अधिक संवेदनशील और अधिक प्रकृति-सम्मत जीवन की ओर प्रेरित करता है, तो इसका महत्व केवल धार्मिक नहीं, बल्कि सामाजिक, पर्यावरणीय और मानवीय स्तर पर भी अत्यंत व्यापक और स्थायी हो जाता है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन दर्शन भीतरी पराधीनता से मुक्ति



संकलित
दर्शन

स्वाधीनता किसे अच्छी नहीं लगती? हर किसी की चाह होती है सारे बंधनों से मुक्त होने की। पिंजरे में बंद पक्षी हो या रस्सी से बंधा हुआ पशु, हर प्राणी स्वतंत्रता या स्वाधीनता चाहता है। फिर मनुष्य, जिसकी चेतना इन पशु-पक्षियों से कहीं श्रेष्ठ है, भला वह क्यों नहीं चाहेगा स्वाधीन होना? इसीलिए हर सभ्यता में मनुष्य ने सदैव स्वाधीनता के लिए संघर्ष किया है। तो क्या आज मानव जाति स्वाधीन है? शायद आप कहेंगे- हां। यह सही भी है, किंतु यदि हम ध्यान से देखें तो हमें समझ आ जाएगा कि सौभाग्य से मानव जाती बाह्य स्वतंत्रता तो पा चुकी है, किंतु दुर्भाग्य से आज बहुत बड़े स्तर पर भीतरी पराधीनता से त्रस्त है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि हम अपनी इस भीतरी पराधीनता को ही स्वाधीनता समझने लगे हैं, क्योंकि स्वाधीनता की हमारी सोच अत्यंत बचकानी हो गई है। पराधीनता दो प्रकार की होती है- बाहरी और भीतरी। बाहरी पराधीनता से स्वाधीन होना फिर भी आसान है, क्योंकि हमें बाहरी स्वाधीनता की प्रतीति होती है और हम पूरी जान लगाकर उसके लिए प्रयास करते हैं। लेकिन भीतरी पराधीनता से मुक्ति..? हमें तो अपनी इस भीतरी पराधीनता की प्रतीति तक नहीं है, फिर स्वाधीनता का प्रयास कैसे होगा? हम आज भी पराधीन हैं - कई स्तरों पर, कई रूपों में। तो क्या है यह भीतरी पराधीनता? किसके अधीन हैं हम? आपने देखा होगा कि लोग बड़े गर्व से अक्सर कहते हैं, 'मुझे यह पसंद है, इसलिए मैं यह करके रहूंगा और वह मुझे पसंद नहीं है, इसलिए उसे मैं बिल्कुल नहीं करूंगा, क्योंकि मैं स्वाधीन हूं।'

# झूठ बोलकर हासिल ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता



संकलित
प्रेरणा

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## सटाका




## आज की पाती

### जागरूक ग्राहक बनें

24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। हमारे देश में वर्ष 2000 से हर वर्ष 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य आमजन को उपभोक्ता के रूप में अपने अधिकारों के प्रति सतर्क और जागरूक करना भी है। वर्ष 1986 के 24 दिसंबर को उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम-1986 लागू किया गया था। इसके बाद इस अधिनियम में संशोधन भी किया गया। हमारे देश में सरकारें लोगों को बाजारी धोखाधड़ी से बचने के लिए कायदे कानून और इसके प्रति जागरूक करने के लिए कई प्रयास करती हैं। लेकिन सरकारों के यह प्रयास निरर्थक हैं जब तक लोग इसके प्रति गंभीर नहीं होते। बिना बिल के तो कोई सामान लेना ही नहीं चाहिए। सचेत रहना जरूरी है। *-धनुष कुमार साहू, रायपुर*

## ट्रेंड

### विरासत के संरक्षण को कृतसंकल्प



देश की महान विभूतियों की विरासत के सम्मान और संरक्षण के लिए हमारी सरकार कृतसंकल्प है। गुरुवार को लखनऊ में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की 101वीं जयंती के अवसर पर 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' के उद्घाटन का सौभाग्य मिलेगा।
-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### 'भारत टैक्सी' आएगी



जल्द ही सहकारी मॉडल पर आधारित 'भारत टैक्सी' देश में आएगी, जिससे होने वाला मुनाफा सीधें ड्राइवरों के पास जाएगा और उन्हें बीमा जैसी अनेक सुविधाओ का लाभ भी दिया जाएगा। इससे ड्राइवरों का भविष्य सुरक्षित होगा और उनकी आमदनी बढ़ेगी।
-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### समाजवादी पार्टी अस्त-व्यस्त



समाजवादी पार्टी तितर-बितर व अस्त-व्यस्त हो चुकी है। उसने अराजकता का जो तांडव खड़ा किया था उसके लिए कौन दोषी था? दुर्दांत माफिया और अपराधियों के प्रति सरकार की क्या नीति होनी चाहिए, सरकार ने वह करके भी दिखाया है।'
-योगी आदित्यनाथ, सीएम यूपी


### सेंगर को जमानत शर्मनाक



क्या एक गैंगरेप पीड़िता के साथ ऐसा व्यवहार उचित है? क्या उसकी 'गलती' यह है कि वह न्याय के लिए आवाज़ उठाने की हिम्मत कर रही है? उसके अपराधी (पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सेंगर) को ज़मानत मिलना बेहद निराशाजनक व शर्मनाक है।
-राहुल गांधी, नेता प्रतिपक्ष, लोकसभा

## करंट अफेयर


### रूस समर्थक हैकर का फ्रांस की डाक सेवा पर साइबर हमला



रूस समर्थक एक हैकर समूह ने क्रिसमस से कुछ दिन पहले फ्रांस की राष्ट्रीय डाक सेवा की पार्सल डिलीवरी ठप करने वाले बड़े साइबर हमले की जिम्मेदारी ली है। अभियोजकों ने बुधवार को यह जानकारी दी। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने एसोसिएटेड प्रेस को जारी बयान में बताया कि साइबर अपराध समूह 'नोनेम057' की ओर से हमले का दावा किए जाने के बाद फ्रांस की खुफिया एजेंसी डीजीएसआई (डीजीएसआई) ने मामले की जांच अपने हाथ में ले ली है। इस समूह पर यूरोप में अन्य साइबर हमलों का भी आरोप है जिनमें नीदरलैंड में नाटो शिखर सम्मेलन के दौरान और फ्रांसीसी सरकारी वेबसाइटों पर किए गए हमले शामिल हैं। इस साल की शुरुआत में यह समूह एक बड़े यूरोपीय पुलिस अभियान का भी निशाना बना था। कंपनी ने कहा कि फ्रांस की राष्ट्रीय डाक सेवा 'ला पोस्ट' के केंद्रीय कंप्यूटर सिस्टम सोमवार को साइबर हमले में ठप हो गए थे, जिन्हें बुधवार सुबह तक पूरी तरह बहाल नहीं किया जा सका। हमले के कारण डाककर्मी पार्सल डिलीवरी को ट्रैक नहीं कर पा रहे थे और कंपनी की बैंकिंग शाखा में ऑनलाइन भुगतान सेवाएं भी बाधित रहीं। यह 'ला पोस्ट' के लिए साल के सबसे व्यस्त मौसम में बड़ा झटका था।

## ऑफ बीट

### वैज्ञानिक ने समझाया क्रिसमस पुडिंग की मिठास का विज्ञान



क्रिसमस हर किसी के लिए अलग-अलग मायनों में खास होता है। मेरे लिए यह वह समय है जब मैं साल भर न मिलने वाले खास व्यंजन खा सकता हूं जैसे कि ग्लेज्ड हैम और खासतौर पर पकाई गई क्रिसमस पुडिंग। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि इस पारंपरिक डेज़र्ट के पीछे कौन-सी रासायनिक प्रक्रियाएं काम करती हैं? क्रिसमस पुडिंग भाप में पकाई जाने वाली मिठाई है जिसमें सूखे मेवे, चीनी, आटा, वसा, मसाले, अंडे और अल्कोहल होता है। इसे आमतौर पर पहले से बनाकर रखा जाता है और फिर परोसने से पहले दोबारा भाप में गर्म किया जाता है। आधुनिक पुडिंग में किशमिश, करंट, सुल्ताना जैसे सूखे अंगूर और ग्लेज़्ड चेरी व साइट्रस पील जैसे कैन्डी फ्रूट का उपयोग किया जाता है। सूखे फलों में ताजे फलों की तुलना में अलग स्वाद होते हैं। कई स्वाद यौगिक तो खो जाते हैं, लेकिन एंजाइमेटिक ब्राउनिंग, वसा अम्लों और प्राकृतिक रंगों के रासायनिक रूपांतरण से नए स्वाद बनते हैं। कैन्डी फ्रूट को चीनी की चाशनी में गर्म किया जाता है जिससे उसमें मौजूद पानी चीनी से बदल जाता है और वह एक मीठा लेकिन कम रंगीन फल बन जाता है। यह मीठा वातावरण सूक्ष्मजीवों के लिए प्रतिकूल होता है।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## लंबे समय तक मंदी के बाद नकदी का वर्ष बनकर उभरा

# भारतीय स्टार्टअप के लिए महत्वपूर्ण मोड़ साबित हुआ वर्ष 2025

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लंबे समय तक धन जुटाने में मंदी के बाद 2025 भारतीय स्टार्टअप के लिए नकदी का वर्ष बनकर उभरा। सार्वजनिक निर्गम गतिविधियों में फिर से तेजी देखने को मिली, सौदों की गुणवत्ता में सुधार आया और अनुशासित वृद्धि की ओर स्पष्ट बदलाव देखा गया।

वर्ष 2023 को 'फंडिंग विंटर' (पूंजी जुटाने के लिए कठिन दौर) और 2024 को सतर्क आशावाद के रूप में परिभाषित किया गया था तो 2025 को विशेष रूप से सार्वजनिक बाजारों के माध्यम से निकासी में ऐतिहासिक वृद्धि के लिए याद किया जाएगा।

### निवेशकों में परिपक्वता बढ़ी

वित्त पोषण में गिरावट आई लेकिन 2025 में औसत मध्यम सौदे का आकार लगभग दोगुना होकर करीब 14 लाख अमेरिकी डॉलर हो गया जो 2024 में लगभग सात लाख अमेरिकी डॉलर था। यह निवेशकों की बढ़ती परिपक्वता का संकेत देता है।

### मध्यम सौदों का आकार दोगुना होकर 14 लाख डॉलर हुआ




### भारत तीसरा बड़ा स्टार्टअप वाला देश बना

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग से मान्यता प्राप्त करीब दो लाख स्टार्टअप में से केवल इस वर्ष 44,000 जुड़े हैं। वहीं 11 नए यूनिकॉर्न और 18 सार्वजनिक निर्गम के जरिये 41,000 करोड़ रुपये से अधिक जुटाने के साथ... भारत अब अमेरिका और चीन के बाद दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप परिवेश बन गया है।'

### बड़े सौदों में एरिशा, जेप्टो व ग्रीनलाइन शामिल

हालांकि बड़े सौदों में एरिशा ई मोबिलिटी (एक अरब अमेरिकी डॉलर), जेप्टो (45 करोड़ अमेरिकी डॉलर) और ग्रीनलाइन (27.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर) शामिल रहे। कम वित्त पोषण के बावजूद नकदी सृजन के मामलों में तेज बढ़ोतरी देखी गई, जिसका नेतृत्व स्टार्टअप के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) में फिर से आई तेजी ने किया।

### उद्यम पूंजी व निजी इक्विटी रिकॉर्ड संख्या में पहुंची

ट्रैक्सन की सह-संस्थापक नेहा सिंह ने कहा, '' 2025 को मैं नकदी का वर्ष कहूंगी। यह आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) का साल रहा। यह ऐसा वर्ष रहा जिसमें उद्यम पूंजी (वीसी) और निजी इक्विटी (पीई) समर्थित कंपनियां रिकॉर्ड संख्या में बाजार में पहुंचीं। यह अपने आप में एक रिकॉर्ड वर्ष रहा। मिसाल के तौर पर, यदि आप पीक एक्सवी और एलीवेशन जैसे कोष को देखें तो उनके खंड में कई आईपीओ देखने को मिलेंगे।''

# डेलॉयट इंडिया की साइबर सुरक्षा के लिए गूगल क्लाउड से समझौता

- सरकारी संगठनों की डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करना है उद्देश्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




पेशेवर सेवा प्रदाता डेलॉयट इंडिया ने बुधवार को कहा कि उसने भारत में कंपनियों एवं सरकारी संगठनों की डिजिटल सुरक्षा मजबूत करने के उद्देश्य से गूगल क्लाउड के साथ अपनी साझेदारी बढ़ा दी है। इस सहयोग के तहत कृत्रिम मेधा (एआई) आधारित साइबर सुरक्षा समाधान पेश किए जाएंगे। कंपनी ने बयान में कहा कि यह साझेदारी ग्राहकों को आधुनिक 'सुरक्षा परिचालन केंद्र' (एसओसी) की रूपरेखा तैयार करने और उनके संचालन में मदद करेगी। इसके अलावा, संगठनों को अपने पुरानी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) प्रणाली को क्लाउड पर ले जाने और 'सेवा के रूप में सुरक्षा' मॉडल अपनाने में भी सहयोग मिलेगा। भारत में डिजिटल परिवर्तन की गति तेज होने के साथ संगठनों को एआई-सक्षम साइबर खतरों, डेटा स्थानीयकरण और नियामकीय अनुपालन की बढ़ती अपेक्षाओं, साइबर सुरक्षा पेशेवरों की कमी और बिखरे हुए सुरक्षा उपकरणों जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

### क्लाउड से सुरक्षा संचालन मॉडल पूरा करने करार

तिवारी ने कहा कि ऐसी स्थिति में यह साझेदारी इन जरूरतों को एकीकृत, क्लाउड-आधारित सुरक्षा संचालन मॉडल के जरिये पूरा करने के लिए की गई है। कंपनी के अनुसार, यह सहयोग खतरे की पहचान और प्रतिक्रिया क्षमताओं को बेहतर बनाएगा, डेटा सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करेगा और संगठन के भीतर बड़ी एसओसी टीम के बगैर भी सुरक्षा संचालन को संभव बनाएगा।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

PWD/08/PRO No-711 **निविदा सूचना** Dated 24/12/2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| सं. क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनाक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई. एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | 2025_UAD_469775_1 Date-29/12/2025 | हनुमानताल वार्ड अंतगर्त थाने के सामने से लेकर विजय कॉस्मेटिक के पास तक सड़क की साइड मरम्मत एवं नाली मरम्मत कवर्ड करते हुये चेंबर लगाने का कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>6.73 लाख | 2000/-<br>6737/- | 12/01/2026 |
| 2 | 2025_UAD_469775_2 Date-29/12/2025 | हनुमानताल वार्ड अंतगर्त फुटाताल मैदान दरहाई क्षेत्र में एवं दुर्गा मंदिर के आस पास विभिन्न स्थानों पर नाली निर्माण एवं मरम्मत कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>3.60 लाख | 2000/-<br>3602/- | 12/01/2026 |

नोट - निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा ।

कार्यपालन यंत्री (लोककर्म)
नगर निगम जबलपुर



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
## लोक निर्माण विभाग, साउथ सिविल लाईन जबलपुर

NIT No. 31/2025/Centralized Tender/G/CE(B)/Date 17/12/2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

| क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू.लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWPIU _469127_1 | धर्मशास्त्र राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय जबलपुर (द्वितीय फेस) का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 15897.87 | 5000000.00 | 50000.00 | 24 |
| 2 | 2025_PWPIU _ 469168_1 | डिग्री कॉलेज बरगी जिला जबलपुर में 4 व्हीलर पार्किंग 2 व्हीलर पार्किंग, साईकिल पार्किंग आंतरिक एवं बाह्य सडक, कोर्टयार्ड शेड एवं बाउंड्रीवॉल का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | जबलपुर | 190.09 | 190090.00 | 12500.00 | 12 |

1-निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेबसाईट http://mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2-निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर केडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 19.12.2025 समय 9.00 से दिनांक 02.01.2026 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी - 23281/25 स्वच्छता ही सेवा
कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग जबलपुर


## खबर संक्षेप

### आरबीआई नकदी बढ़ाने सरकारी प्रतिभूति खरीदेगा



**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक ने कहा कि वह बैंकों में नकदी बढ़ाने के लिए दो लाख करोड़ रुपये मूल्य की सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद करेगा। साथ ही 10 अरब अमेरिकी डॉलर की डॉलर-रुपया अदला-बदली नीलामी आयोजित करेगा। अदला-बदली नीलामी 29 दिसंबर, 2025 से 22 जनवरी, 2026 के बीच आयोजित की जाएगी।

### एनबीसीसी ने दुबई में खरीदी 1.5 करोड़ दिरहम की भूमि



**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनबीसीसी (इंडिया) लिमिटेड ने विदेशों में रियल एस्टेट कारोबार का विस्तार करने की योजना के तहत मिश्रित उपयोग परियोजना विकसित करने को दुबई में 1.5 करोड़ दिरहम (37 करोड़ रुपये) में लगभग 15,000 वर्ग फुट जमीन खरीदी है। दुबई में विदेशी रियल एस्टेट परिचालन शुरू कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कदम रखा है।

### विक्रान इंजीनियरिंग को महाराष्ट्र में मिला ठेका




**नई दिल्ली।** विक्रान इंजीनियरिंग को महाराष्ट्र में 600 मेगावाट की सौर परियोजनाओं को विकसित करने के लिए 2,000 करोड़ रुपये से अधिक का ठेका मिला है। विक्रान इंजीनियरिंग ने बुधवार को बयान में कहा कि ओनिक्स रिन्यूएबल्स से प्राप्त यह ठेका इंजीनियरिंग, खरीद व निर्माण (ईपीसी) आधार पर 12 महीने की अवधि में पूरा किया जाएगा।

### अमेरिकी अर्थव्यवस्था में 4.3 फीसदी की वृद्धि



**वाशिंगटन।** अमेरिकी अर्थव्यवस्था इस साल की जुलाई-सितंबर तिमाही में 4.3 प्रतिशत की दर से बढ़ी है, जो जो पिछले दो वर्षों में सबसे तेज वृद्धि है। सरकारी व्यय और निर्यात में मजबूती के चलते यह वृद्धि अनुमान से कहीं अधिक रही।

### बीओआई ने बांड से 10 हजार करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ इंडिया (बीओआई) ने 7.23 प्रतिशत सालाना ब्याज पर 10,000 करोड़ रुपये के दीर्घकालिक बुनियादी ढांचा बॉन्ड जारी करके राशि जुटाई है। बॉन्ड का आकार 5,000 करोड़ रुपये था।

## कोयला खदानों की नीलामी: 14वें दौर में 49 बोलियां मिलीं



**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक कोयला खदानों की नीलामी के 14वें दौर में कुल 49 बोलियां मिली हैं, जो निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी और ऊर्जा सुरक्षा में प्रगति को दिखाता है। इस कदम से कोयला उत्पादन बढ़ सकता है, घरेलू आपूर्ति मजबूत हो सकती है, और संभावित रूप से आयात पर निर्भरता कम हो सकती है। बोली के इस दौर में बिक्री के लिए पेश किए गए 41 ब्लॉक में से 24 कोयला ब्लॉक के लिए बोलियां मिलीं। कोयला मंत्रालय ने बयान में कहा, ''इस दौर के तहत, 41 कोयला ब्लॉक में से 24 कोयला ब्लॉक के लिए 49 बोलियां मिली हैं।''

# अदाणी पावर ने उत्पादन क्षमता लक्ष्य बढ़ाकर किया 41.87 गीगावाट




- दो लाख करोड़ रुपए का होगा निवेश
- बढ़ती बिजली की मांग पूरा करने में आक्रामक विस्तार करेगी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अदाणी पावर लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2031-32 तक अपने दीर्घकालिक स्थापित उत्पादन क्षमता लक्ष्य को बढ़ाकर 41.87 गीगावाट कर दिया है। कंपनी इसमें लगभग दो लाख करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करेगी।

कंपनी ने देश में बढ़ती बिजली की मांग को पूरा करने में मदद करने के लिए एक आक्रामक विस्तार योजना तैयार की है। उन्होंने कहा कि कंपनी ने वित्त वर्ष 2029-30 तक 30.67 (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) गीगावाट का लक्ष्य रखा था। संशोधित लक्ष्य का मतलब है कि कंपनी ने अपना लक्ष्य काफी बढ़ा दिया है। अदाणी पावर की उत्पादन क्षमता फिलहाल 18.15 गीगावाट है। इसका मतलब है कि 23.72 गीगावाट क्षमता की परियोजनाएं पाइपलाइन में हैं। इसके बारे में कंपनी का कहना है कि परियोजनाओं के लिए जमीन पहले ही ली जा चुकी है जबकि प्रमुख उपकरणों के ऑर्डर भी दिए जा चुके हैं। कंपनी ने देश में बिजली की बढ़ती मांग के दीर्घकालिक दौर में प्रवेश करने के साथ ही अपनी विकास योजनाओं को गति दी है। इसके तहत क्षमता का विस्तार किया है, बड़े बिजली आपूर्ति अनुबंध हासिल किए हैं और देश की ऊर्जा सुरक्षा में अपनी भूमिका को मजबूत करने के लिए रिकॉर्ड पूंजीगत व्यय किया है।

### बिजली मांग में तेज वृद्धि का अनुमान

औद्योगिक विकास, शहरीकरण और उच्च खपत के कारण भारत की अधिकतम बिजली मांग में तेज वृद्धि होने का अनुमान है। नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता में तेजी से विस्तार हो रहा है, वहीं तापीय बिजली आधारभूत आपूर्ति और ग्रिड संतुलन में सहायक बनी हुई है। भारत की अधिकतम बिजली मांग वर्तमान में लगभग 250 गीगावाट है।

### हायर इंडिया में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदेंगी भारती

**नई दिल्ली।** भारती एंटरप्राइजेज और वारबर्ग पिंकस ने वॉशिंग मशीन और रेफ्रिजरेटर जैसे उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स सामान बनाने वाले हायर इंडिया में करीब दो अरब डॉलर (लगभग 17,955.5 करोड़ रुपये) में 49 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने की बुधवार को घोषणा की। दोनों कंपनियों ने बयान में कहा कि वे हायर इंडिया में रणनीतिक निवेश कर रही हैं। इसका प्रबंधन नियंत्रण वर्तमान चीनी समूह के पास ही रहेगा। हालांकि, उन्होंने अधिग्रहण की कीमत का खुलासा नहीं किया। उद्योग सूत्रों के अनुसार, सौदे का मूल्य दो अरब अमेरिकी डॉलर हो सकता है। इस सौदे के बाद, भारती और वारबर्ग पिंकस के पास हायर अप्लायंसेज इंडिया लि. में सामूहिक रूप से 49 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।


बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

नेपियर टाउन शाखा जबलपुर- 1131, शास्त्री ब्रिज नेपियर टाउन, जबलपुर- 482001 (म.प्र.)
Phone - 91 0761-2407181, 4109706, 4036191
Email - napier@bankofbaroda.com

ई- नीलामी विक्रय सूचना

## अचल संपत्ति के विक्रय हेतु नोटिस

SCAN HERE For Detailed Terms & Conditions

परिशिष्ट– IV क (नियम 6 (2) एवं 8(6) का परन्तुक देखें)

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 6 (2) एवं 8 (6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन तथा प्रतिभूतिहित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई–नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति–दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल सम्पत्तियाँ जो **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित हैं, जिसका **सांकेतिक/ भौतिक कब्जा बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है को **''जहाँ है, जैसा है और जो कुछ भी है''** एवं **''दायित्व रहित के आधार पर''** के आधार पर निम्न वर्णित ऋणियों से **बैंक ऑफ बड़ौदा** प्रतिभूत लेनदार को निम्न वर्णित बकाया राशि की वसूली हेतु ई– नीलामी द्वारा बेची जाएगी।

| क्र. | शाखा का नाम | शाखा/ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | बकाया राशि | चल एवं अचल संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम/संपत्ति का प्रकार (भौतिक/सांकेतिक) | ई–नीलामी की दिनांक एवं समय | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड वृद्धि राशि | कब्जा की स्थिति रचनात्मक/ भौतिक | संपत्ति निरीक्षण दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Branch Napier Town | 1. श्रीमती श्यामवती अडागले स्वर्गीय श्री देवीदास अड़ागले की पत्नी (स्वर्गीय श्री देवीदास अड़ागले की कानूनी उत्तराधिकारी), 2. सुश्री रीना अड़ागले स्वर्गीय श्री देवीदास अड़ागले की पुत्री (स्वर्गीय श्री देवीदास अड़ागियो की कानूनी उत्तराधिकारी), 3. सुश्री जया अड़ागियो स्वर्गीय श्री देवीदास अड़ागले की पुत्री (स्वर्गीय श्री देवीदास अड़ागले की कानूनी उत्तराधिकारी) 4. सुश्री करीना अड़ागले की पुत्री स्वर्गीय श्री देवीदास एडैगियो (स्वर्गीय श्री देवीदास एडैगियो के कानूनी उत्तराधिकारी) सभी निवासी: प्लॉट नंबर 4 अनमोल सिटी, सोनपुर रोड घाना खमरिया जबलपुर (एमपी) | Rs. 14,43,997/- + ब्याज से एवं अन्य खर्चें | मौजा घाना, बंदोबस्त संख्या 634, पटवारी हल्का नं. 14/57, आरआई सर्कल महाराजपुर, डायवर्टेड खसरा संख्या 257/2 और 258/3 का भाग, टी एंड सीपी स्वीकृत लेआउट प्लॉट संख्या 04, तहसील पानागर, जिला जबलपुर, क्षेत्रफल 660 वर्ग फुट, श्री देवदास अदागले पुत्र श्री केशव अदागले के नाम पर स्थित अचल संपत्ति का समतुल्य बंधक। सीमाएँ: पूर्व में सड़क, पश्चिम में विक्रेता की संपत्ति, उत्तर में विक्रेता की संपत्ति, दक्षिण में बैन मैडम। | 27.01.2026 2.00 pm to 6.00 pm | Rs. 13,00,000 /-<br>Rs. 1,30,000/-<br>Rs. 50,000/- | भौतिक | 23.01.2026 |

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया https://bankofbaroda-in/eauction-html और https://baanknet.com पर दिए गए लिंक को देखें। इसके अलावा, संभावित बोलीदाता अधिकृत अधिकारी फोन नंबर- 0761-2409255, 9109440636 से संपर्क कर सकते हैं।

दिनांक- 25.12.2025
प्राधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा



## पश्चिम मध्य रेल
### यांत्रिक शाखा
### खुली निविदा-सिंगल पैकेट सिस्टम

निम्नलिखित कार्य के लिये ई-निविदा भारत संघ के राष्ट्रपति के पक्ष में वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (कोचिंग ), मंडल रेल प्रबंधक (यॉत्रिक), पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के द्वारा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना क्रमांक**-JBP-M-Tender-32-2025 dated 18/12/2025, **कार्य का नाम लोकशन सहित**-सी एण्ड डब्ल्यू रीवा के एबीसी प्रकार के अग्निशामक यंत्र का रीफिलिंग, ओवरहालिंग, पेंटिंग एवं हाइड्रोलिक परीक्षण। **कार्य का अनुमानित मूल्य रुपए में**-Rs.8,60,237.16/-, **बयाना राशि रुपए में**-Rs.17,200.00/-, **समापन अवधि**-1095 days, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय**-12.01.2026 upto 15.00 hrs. **निविदा खुलने की तिथि एवं समय**-12.01.2026 upto 15.30 hrs. उपरोक्त ई-निविदा की संपूर्ण जानकारी वेब साईट "https://ireps.gov.in" पर उपलब्ध है एवं इसकी पूरी जानकारी मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) कार्यालय, पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है। ई - निविदा के अलावा उपरोक्त कार्य के लिये कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी। (हस्ता.)

FOR DRM (Mech) JBP

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (वि/या) संभाग जबलपुर म.प्र.
इंदिरा गांधी मार्ग, साउथ सिविल लाईन, जबलपुर (म. प्र. ) पिन - 482001
Email :- eepwdelcjbp@mp.nic.in

निविदा सूचना क्रमांक-37/व.ले.लि./2025-26 **निविदा आमंत्रण सूचना** जबलपुर, दिनांक 19.12.2025

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के द्वारा निविदा आमंत्रित की जाती है। यह निविदा वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है।

| स. क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनुमानित राशि रू. (लाख मे) | अमानत राशि रू. | निविदा प्रपत्र राशि रू. | समयावधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | 2025_PWDRB _465955_1 | जबलपुर जिले के हेड क्वाटर सेक्शन के अंतर्गत रेस्ट हाऊस, सर्किट हाऊस एवं शासकीय कार्यालय में स्थापित पंप के रखरखाब एवं विद्युतीकरण का कार्य । | प्रथम | 8.00 | 16,000/- | 2000/- | 31.03. 2026 तक | नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं "ब" श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु |
| 02 | 2025_PWDRB _465956_1 | जबलपुर जिले के कटंगा सेक्शन के प्रथम अंतर्गत शंकरशाह नगर एवं आदेश नगर में विद्युतीकरण का कार्य। | प्रथम | 17.50 | 35,000/- | 2000/- | 31.03. 2026 तक | नवीन पंजीकरण विद्युत में एवं "अ" श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु |
| 03 | 2025_PWDRB _465958_1 | अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण प्रथम विभाग (वि/या) उपसंभाग मण्डला हेतु शासकीय कार्यो के निरीक्षण के लिए बोलेरो 'नियो' मॉडल या समकक्ष वाहन ( माह में 15 दिवस हेतु ) (02 वर्ष हेतु ) | प्रथम | 3.60 | 7,200/- | 2000/- | दो वर्ष हेतु | |
| 04 | 2025_PWDRB _465959_1 | अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग (वि/यां) उपसंभाग नरसिंहपुर हेतु शासकीय कार्यो के निरीक्षण के लिए बोलेरो 'नियो' मॉडल या समकक्ष वाहन ( माह में 15 दिवस हेतु ) ( 02 वर्ष हेतु) | प्रथम | 3.60 | 7,200/- | 2000/- | दो वर्ष हेतु | |

टीप :- निविदा का विस्तृत विवरण म.प्र. शासन की निविदा पोर्टल http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है । निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर प्राप्त हो सकेंगे। निविदा प्रपत्र ऑनलाईन क्रय करने की अंतिम तिथि 05.01.2026 समय 5:30 PM तक है। निविदा में होने वाले संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त बेवसाईट पर ही किया जावेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

कार्यपालन यंत्री
G-23283/25 "स्वच्छता ही सेवा" लोक निर्माण विभाग (वि/यां) संभाग जबलपुर



## मध्यप्रदेश शासन नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण
### कार्यालय कार्यपालन यंत्री (वि./यां.) संभाग क्रमांक - 2, बरगीनगर, जबलपुर (म.प्र.) -482056
Email ID-eeemdv2bargidam@gmail.com
**निविदा आमंत्रण सूचना वास्ते प्रकाशन**

निम्न कार्य की ऑन लाइन निविदा प्रतिशत दर (अपेडिक्स 2.10) ई-प्रोक्यूरमेंट सिस्टम पोर्टल www.mptenders.gov.in पर जारी की जा रही है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :-

| निविदा क्र. | ई. निविदा क्र | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित राशि (रू. में) | धरोवर राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदाकार की श्रेणी | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 100/तक. 2025-26 दिनांक 12.12.2025 (द्वितीय आमंत्रण) | 2025-NVDA-468696-1 | रा.अ.बा.लो.सा. परि. बरगी बांध के रेडियल क्रेस्ट गेटों के गियर बॉक्स की प्रकाश व्यवस्था का सुधार कार्य। | 65,651.00 (रुपए पेसठ हजार छः सौ इक्यावन) मात्र | 1,313,.00 (रू. एक हजार तीन सौ तेरह) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत 2. म.प्र. मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा जारी 'अ'श्रेणी का लाइसेंस | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 102/तक. 2025-26 दिनांक 12.12.2025 (द्वितीय आमंत्रण) | 2025-NVDA-468718-1 | रा.अ.बा.लो.सा.परि बरगी बांध के दांया पार्श्व गैलरी की विद्युत व्यवस्था के सुधार कार्य हेतु 240 एस.क्यू.एम.एम. आर्मड केबल प्रतिस्थापन का कार्य । | 2,72,191.00 (रुपए दो लाख बहत्तर हजार एक सौ इक्यानवे) मात्र | 5,444.00 (रू. पांच हजार चार सौ चौबालीस) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत 2. म.प्र. मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा जारी 'अ'श्रेणी का लाइसेंस | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 104/तक. 2025-26 दिनांक 12.12.2025 (द्वितीय आमंत्रण) | 2025-NVDA-468727-1 | बरगीनगर के स्कूल ग्राउण्ड ट्यूबवेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हेतु एक नई 1.5" डाया एच. डी. पी. ई. पाईप लाईन बिछाने का कार्य । | 42,658.00 (रुपए बयालीस हजार छः सौ अन्ठावन) मात्र | 853.00 (रू. आठ सौ त्रेपन) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 121/तक. 2025-26 दिनांक 12.12.2025 (द्वितीय आमंत्रण) | 2025-NVDA-468736-1 | बरगी नगर के पम्प हाऊस क्रमांक 01 के 75 एच. पी. मोटर पंप हेतु कन्ट्रोल पेनल का कार्य । | 2,35,000.00 (रुपए दो लाख पेंतीस हजार) मात्र | 4700.00 (रू. चार हजार सात सौ) मात्र | 2000.00 (रु. दो हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत 2. म.प्र. मुख्य विद्युत निरीक्षक द्वारा जारी 'अ'श्रेणी का लाइसेंस | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| 122/तक. 2025-26 दिनांक 12.12.2025 (द्वितीय आमंत्रण) | 2025-NVDA-468743-1 | बरगी नगर के पंप हाऊस क्र. 03 हेतु स्लूस वाल्व 2½ ", 3", 4" एवं 6" का सुधार कार्य । | 76,250.00 (रुपए छैयत्तर दो सौ पचास) मात्र | 1525.00 (रू. एक हजार पांच सौ पच्चीस) मात्र | 1000.00 (रु. एक हजार) मात्र | प्रमुख अभियंता (लो.नि.वि.) भोपाल में पंजीकृत | 30 दिन (अनुबंध की तिथि से) |
| | | मात्र कुल योग रू. | 6,91,750.00 | | | | |

निविदा प्रपत्र क्रय करने की तिथि अंतिम : 06/01/2026 17:30 तक (केवल आनलाइन), प्राइज बीड जमा करने की तिथि अंतिम : 06/01/2026 17:30 तक (केवल आनलाइन), निविदा की धरोहर राशि खुलने की तिथि : 08/01/2026, 10:30 से 08/01/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन), प्राइज बीड खुलने की तिथि : 08/01/2026, 10:31 से 08/01/2026, 17:30 तक (केवल आनलाइन) निविदा प्रपत्र को उपरोक्त वेबसाइट पर केवल ऑन लाइन क्रय किया जा सकता है। ऑन लाइन पर भुगतान डेबिट/कैश कार्ड या इन्टरनेट बैंकिंग अकाउण्ट्स के माध्यम से किया जा सकता है। निविदा की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें।

(शैलेन्द्र राठौर) कार्यपालन यंत्री,
नर्मदा विकास (वि./यॉ.) संभाग क्रमांक-2
बरगीनगर, जबलपुर (म. प्र.)

G-23305/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता"


समुद्र प्रताप का चित्र

यह जहाज तेल रिसाव का पता लगाने में सक्षम

# आधुनिक हथियार व रिमोट कंट्रोल गन से लैस स्वदेशी पोत तटरक्षक बल में शामिल

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारतीय तटरक्षक बल ने पहला स्वदेशी नियंत्रण पोत 'समुद्र प्रताप' (यार्ड 1267) अपने बेड़े में शामिल किया है। यह पोत आधुनिक हथियारों से लैस है। इन आधुनिक हथियारों में 30 मिमी सीआरएन -91 गन और दो 12.7 मिमी रिमोट कंट्रोल गन शामिल हैं। पोत में कई उन्नत तकनीक लगाई गई हैं। यह जहाज इंटीग्रेटेड ब्रिज सिस्टम, इंटीग्रेटेड प्लेटफॉर्म मैनेजमेंट सिस्टम और ऑटोमेटेड पावर मैनेजमेंट सिस्टम से लैस है। इसमें उच्च क्षमता वाली बाहरी अग्निशमन प्रणाली भी मौजूद है।

बुधवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि यह दो पोतों की परियोजना का पहला पोत है और 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से बना है। यह जहाज तेल रिसाव का पता लगाने में सक्षम है।

**पहला पोत है और 60 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री से बना**

### प्रदूषण नियंत्रण के लिए इसमें अत्याधुनिक उपकरण

रक्षा मंत्रालय का कहना है कि 'समुद्र प्रताप' के निर्माण ने आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया के लक्ष्य को भी मजबूत किया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार 'समुद्र प्रताप' भारतीय तटरक्षक का सबसे बड़ा पोत है। इसे विशेष रूप से समुद्री प्रदूषण नियंत्रण और आपदा प्रतिक्रिया के लिए तैयार किया गया है। तटरक्षक बल में तैनात किए गए इस जहाज की लंबाई 114.5 मीटर और चौड़ाई 16.5 मीटर है। यह पोत भारतीय तटरक्षक का पहला जहाज है जिसमें डायनेमिक पोजिशनिंग सिस्टम (डीपी-1) लगा है। प्रदूषण नियंत्रण के लिए इसमें अत्याधुनिक उपकरण हैं। ऑयल फिंगर प्रिंटिंग मशीन, रासायनिक पदार्थों का पता लगाने वाला जाइरो-स्टेबलाइज्ड डिटेक्टर और प्रदूषण विश्लेषण की प्रयोगशाला सुविधा इस जहाज में शामिल हैं। भारतीय तटरक्षक बल का 'समुद्र प्रताप' गोवा शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा निर्मित है।

### गाढ़े तेल को निकालेगा

साथ ही यह गाढ़े तेल से प्रदूषक निकालने के काम को भी अंजाम दे सकता है। यह जहाज समुद्र में दूषित पानी से तेल अलग करने और समुद्र में व्यापक प्रदूषण नियंत्रण अभियान चलाने में भी सक्षम है। गौरतलब है कि दो दिन पहले ही भारतीय नौसेना में 'अंजदीप' नामक एक आधुनिक एंटी सबमरीन वॉरफेयर शेलो वॉटर क्राफ्ट भी शामिल किया गया है। नौसेना को सौंपा गया यह तीसरा एंटी सबमरीन वॉरफेयर शेलो वॉटर क्राफ्ट है। यह नौसैनिक जहाज पूरी तरह स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित किया गया है। सोमवार को चेन्नई में यह नौसैनिक जहाज भारतीय नौसेना में शामिल हुआ था।


सिले हुए पोत का दृश्य

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे फ्लैग ऑफ

# सिला हुआ पोत कौंडिन्य अपनी पहली समुद्री यात्रा पर 29 दिसंबर को निकलेगा

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना का सिला हुआ प्राचीन पोत आईएनएसवी कौंडिन्य भारत की समृद्ध समुद्री विरासत को फिर से जीवंत कर रहा है। पोरबंदर से मस्कट और बाली तक की यह यात्रा भारत के प्राचीन समुद्री व्यापार और नौसैनिक शक्ति की कहानी बताती है।

भारतीय नौसेना का पहला सिला हुआ पोत यानी स्टिच्ड शिप आ ई ए न ए स वी कौंडिन्य अपनी पहली समुद्री यात्रा पर इसी महिने की 29 दिसंबर को निकलेगे,यात्र की शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह फ्लैग ऑफ करके करेंगे। यात्रा की शुरुआत पोरबंदर से शुरु होकर ओमान के मस्कट तक जाएगी।

जानकारी के मुताबिक आईएनएसवी कौंडिन्य एक ऐसा जहाज है जो भारती कि प्राचीन समुद्री परंपराओं की याद को ताजा रखे हुए है। यानी जब चोल साम्राज्य में नौसेना थी तो उसका स्वरुप,आकार,और लड़ाई का कैसा तरीका था, आईएनएसवी कौंडिन्य अपने यात्रा पर उन पुराने समुद्री मार्गों की याद दिलाएगी,जिसके बदौलत भारत का दबदबा हिंद महासागर में बरकरार रहने के साथ ही हिंद महासागर के दूसरे देशों के साथ यह जुड़ा रहा है।

**आईएनएसवी कौंडिन्य से दुनिया को दिखेगा भारत का समुद्री इतिहास**

### *पोरबंदर से 14 दिन में मस्कट पहुंचेगा*

*इन रस्सियों को देशी गोंद से जोड़ कर बनाया गया है. कभी ऐसी ही तकनीक का इस्तेमाल शिवाजी के कार्यकाल में हुआ करता था. आपको बता दे कि आईएनएसवी कौंडिन्य की यात्रा पोरंबदर से शुरु होकर चौदह दिनों के अंतराल में मस्कट पहुंचेगी। मस्कट पहुंचने के बाद आईएनएसवी कौंडिन्य का बाली भी जाने का प्लान है। मस्कट से बाली की यात्रा का मकसद दुनिया को यह दिखाने से है कि कैसे हजारों साल पहले भारत में समुद्र मार्ग के जरीए व्यापार किया जाता था। पोरबंदर से मस्कट फिर बाली की यात्रा के बाद आईएनएसवी कौंडिन्य को गुजरात के लोथल में मौजूद नेशनल मेरीटाइम हेरिटेज कॉम्प्लेक्स में रखा जाएगा आईएनएसवी कौंडिन्य का नाम दुनिया में मशहुर नाविक कौंडिन्य के नाम पर रखा गया है। इस यात्रा का एक मात्र मकसद पूरी दुनिया को भारत की मेरीटाइम हेरिटेज से रू-ब-रू कराने से लेकर के है।*

### पुरानी तकनीक का आइना कौंडिन्य

आईएनएसवी कौंडिन्य को पूरी तरह से पूराने तकनीक से बनाया गया है। यह जहाज प्राचीन इतिहास,के साथ ही आधुनिक समय में नौसेना की क्या तकनीक है और प्राचीन समय के नौसेना के कारीगर और वर्तमान में नौसेना के कारीगर,जिन्हे हम मेक इन इंडिया या आत्मनिर्भर भारत कहते है पूरी इतिहास को एक साथ समेटते हुए दिखाएगा। आपको बता दे कि आईएनएसवी कौंडिन्य को लकड़ी से नहीं बल्कि नारियल की रस्सी से तैयार किया गया है।

## खबर संक्षेप

### अमेरिका ने भारत को चेताया चीन पर भरोसा न करें?

**वॉशिंगटन।** अमेरिका ने भारत को चीन की दोहरी रणनीति को लेकर चेतावनी दी है। पेंटागन की 2025 की रिपोर्ट के मुताबिक, चीन एक तरफ भारत के साथ एलएसी पर तनाव कम करने की कोशिश कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ पाकिस्तान के साथ सैन्य सहयोग बढ़ा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अक्टूबर 2024 में भारत और चीन ने एलएसी पर बचे हुए टकराव वाले इलाकों से पीछे हटने पर सहमति जताई थी। पेंटागन का आकलन है कि चीन का मकसद भारत के साथ रिश्तों को सामान्य करके उसे अमेरिका के और करीब जाने से रोकना है।



### लीबिया के आर्मी चीफ की प्लेन क्रैश में मौत

**अंकारा।** लीबियाई की सेना के चीफ ऑफ जनरल स्टाफ लेफ्टिनेंट जनरल मोहम्मद अल-हद्दाद की मंगलवार रात तुर्किये में प्लेन क्रैश में मौत हो गई। प्लेन में 8 लोग सवार थे, सभी की मौके पर ही मौत हो गई। तुर्किये के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि विमान में टेकऑफ के 30 मिनट बाद ही तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसके चलते यह हादसा हुआ। यह लीबियाई मिलिट्री डेलिगेशन अंकारा में तुर्किये के साथ रक्षा सहयोग बढ़ाने को लेकर हाई लेवल बातचीत के लिए आया था और वापस लीबिया लौट रहा था।



बांग्लादेश में धमकियों का सिलसिला शुरु... यूनुस पर भारी दबाव

# एंकर को हटाओ नहीं तो चैनल फूंक देंगे, उधर हादी के भाई ने कहा हसीना जैसा करेंगे हाल

**एजेंसी ▶▶ ढाका**

बांग्लादेश में हिंदुओं का सरेआम कत्ल करने के मामले में देश की अंतरिम सरकार के मुखिया यूनुस बेहद दबाव में हैं। धमकी और हिंसा के बीच बांग्लादेश में स्वतंत्र मीडिया पर खतरा बढ़ता जा रहा है। प्रोथोम आलो और डेली स्टार पर हमलों के बाद अब ग्लोबल टीवी को आग लगाने की धमकी दी गई है। हेड ऑफ न्यूज नाजनीन मुन्नी को हटाने की मांग को लेकर कथित छात्र समूह ने दबाव बनाया, जिससे पत्रकारों में डर और असुरक्षा का माहौल बन गया है। बांग्लादेश में स्वतंत्र मीडिया पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। देश के प्रमुख निजी टीवी चैनल ग्लोबल टीवी बांग्लादेश को आग लगाने की धमकी दी गई है। इसके बाद पत्रकार समुदाय में गहरी चिंता फैल गई है। यह घटना ऐसे समय सामने आई है जब कुछ ही दिन पहले देश के दो बड़े अखबार प्रोथोम आलो और द डेली स्टार के दफ्तरों पर भीड़ ने हमला कर आगजनी की थी।

21 दिसंबर को युवकों का एक समूह ढाका के तेजगांव इलाके में स्थित ग्लोबल टीवी के दफ्तर पहुंचा। इस समूह ने खुद को 'एंटी-डिस्क्रिमिनेशन स्टूडेंट मूवमेंट' से जुड़ा बताया और चैनल की हेड ऑफ न्यूज नाजनीन मुन्नी को हटाने की मांग की। आरोप है कि युवकों ने चेतावनी दी कि अगर मुन्नी को पद से नहीं हटाया गया तो चैनल के दफ्तर को भी उसी तरह जला दिया जाएगा, जैसा हाल ही में प्रोथोम आलो और डेली स्टार के साथ हुआ। नाजनीन मुन्नी ने फेसबुक पोस्ट में बताया कि घटना के वक्त वह दफ्तर में मौजूद नहीं थीं। उनके अनुसार, शाम करीब 8 बजे सात-आठ युवक चैनल के मैनेजिंग डायरेक्टर अहमद हुसैन से मिले। पहले उन्होंने ग्लोबल टीवी की उस कवरेज पर आपत्ति जताई जिसमें इंकलाब मंच के प्रवक्ता शरीफ उस्मान हादी की मौत की खबर दिखाई गई थी. इसके बाद उन्होंने मुन्नी पर अवामी लीग समर्थक होने का आरोप लगाते हुए उन्हें हटाने की मांग रखी।

**बांग्लादेश में पत्रकार नाजनीन मुन्नी को मिली धमकी**

**मुन्नी का कहना है कि हाल के महीनों में कई पत्रकारों को धमकियां मिली**


अखबारों के दफ्तर पहले जला दिए थे अब दूसरों को धमकी दे रहे। (इंसर्ट में) एंकर नाजनीन

### *बांग्लादेश में हिंदुओं पर करीब 2,500 हमले*

*अगस्त 2024 में बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद से हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमले बढ़ गए हैं। बांग्लादेश हिंदू बौद्ध क्रिश्चियन यूनिटी काउंसिल और अन्य रिपोर्ट्स के मुताबिक, अगस्त 2024 से जून 2025 तक हिंदुओं पर 2,442 से ज्यादा हमले हुए, जिनमें मंदिरों पर तोड़फोड़, घर जलाना और हत्याएं शामिल हैं। इनमें से कई हत्याएं राजनीतिक बदले या कथित ब्लास्फेमी (ईशनिंदा) के आरोप में हुईं। कुछ रिपोर्ट्स में इन्हें धार्मिक नफरत से जोड़ा गया, जबकि कुछ में राजनीतिक वजहें बताई गईं।*

### डर के कारण एक स्टाफ के सदस्य ने लिखित में भरोसा दिया

मुन्नी के अनुसार, युवकों ने मैनेजिंग डायरेक्टर से 48 घंटे के भीतर उन्हें हटाने का लिखित आश्वासन देने को कहा। जब उन्होंने इनकार किया तो समूह ने कथित तौर पर आग लगाने की धमकी दोहराई। बताया गया कि चैनल के एक स्टाफ सदस्य ने दबाव में कागज पर हस्ताक्षर कर दिए, हालांकि मैनेजिंग डायरेक्टर ने ऐसा नहीं किया। घटना के बाद चैनल प्रबंधन ने नाजनीन मुन्नी को कुछ दिनों तक दफ्तर न आने और शांत रहने की सलाह दी।

### हादी के भाई ने दी धमकी कहा- हटाने में देर नहीं लगेगी

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद युनूस मुश्किलों में घिर गए हैं। एक ओर जहां अल्पसंख्यक हिन्दुओं पर हमलों को लेकर पूरी दुनिया में उनकी आलोचना हो रही है तो वहीं हादी के भाई ने उन्हें सत्ता से हटाने की धमकी दी है। उस्मान हादी के भाई शरीफ उमर हादी ने मोहम्मद यूनुस को ही हत्या का आरोपी बताया है। उमर हादी ने कहा कि सरकार के लोगों ने आगामी राष्ट्रीय चुनाव को पटरी से उतारने के लिए हत्या की साजिश रची थी। वीडियो में शरीफ उमर हादी को यह कहते सुना जा सकता है कि आप लोगों ने ही उस्मान हादी को मार डाला है और अब आप इसे एक मुद्दे के रूप में इस्तेमाल करके चुनाव को विफल करने की कोशिश कर रहे हैं।

# अरुणाचल को भारत का हिस्सा बताने की सजा



**चीन ने भारतीय ब्लॉगर को हिरासत में लिया, 15 घंटे पानी भी नहीं दिया**

**बीजिंग।** अरुणाचल प्रदेश का भारत का हिस्सा बताने पर चीन में भारतीय ब्लॉगर अनंत मत्तिल को करीब 15 घंटे तक हिरासत में रखा गया। इस दौरान उसे खाना और पानी नहीं देकर मानसिक तौर पर प्रताड़ित किया गया। अरुणाचल को लेकर पिछले एक महीने में ये दूसरी बार है जब चीन ने बदमाशी की है। इससे पहले अरुणाचल प्रदेश की रहने वाली एक भारतीय नागरिक को शंघाई एयरपोर्ट पर हिरासत में रखा गया था।

माल्या-ललित मोदी का वीडियो वायरल

# दोनों ने खुद को भारत के दो सबसे बड़े भगोड़े बताया, कहा लो जलो

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारत में आर्थिक अपराधी घोषित विजय माल्या और ललित मोदी का एक वीडियो वायरल हो रहा है। इसमें ललित मोदी खुद को और माल्या को भारत के दो सबसे बड़े भगोड़े कह रहा है। वीडियो माल्या के जन्मदिन का है। इसे ललित मोदी ने 22 दिसंबर को खुद पोस्ट किया है। मीडिया में खबर 23 दिसंबर को आई। अपनी पोस्ट में ललित ने लिखा- चलो, फिर से इंटरनेट हिला देता हूं। खासकर आप मीडिया वालों के लिए। जलन के साथ देखते रहिए। वहीं, माल्या अपनी पार्टनर पिंकी लालवानी के साथ मुस्कुराते नजर आ रहे हैं। इस बीच, बॉम्बे हाईकोर्ट में मंगलवार को माल्या की याचिका पर सुनवाई हुई। याचिका में माल्या ने खुद को भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित करने के आदेश को चुनौती दी है। कोर्ट ने माल्या के वकील से पूछा कि वह (माल्या) भारत कब लौटेंगे।


वीडियो का स्क्रीन शॉट

आरिफ हबीब ने 135 बिलियन पाकिस्तानी रुपए में किया सौदा

# गुजरात से गए परिवार ने खरीद ली पाक की सरकारी एयरलाइंस

**एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद**

पाकिस्तान ने अपने सरकारी एयरलाइंस को प्राइवेट हाथों में बेच दिया। इस्लामाबाद में एक खुली नीलामी हुई और आरिफ हबीब ने 135 बिलियन पाकिस्तानी रुपये की सफल बोली लगाकर पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीआईसीए) के लिए नीलामी जीत ली।

भारतीय करेंसी में यह रकम लगभग 4300 करोड़ रुपए होती है। यह पाकिस्तान के लिए बड़ी बात है क्योंकि यह लगभग दो दशकों में देश का पहला सबसे बड़ा निजीकरण है। वैसे कमाल की बात है कि जिस



आरिफ हबीब ने इस एयरलाइंस को खरीदा है, उनका भारत के गुजरात से कनेक्शन है।

पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) की निलामी में तीन पार्टी उतरी थी- लकी सीमेंट, निजी एयरलाइन एयरब्लू और इनवेस्टमेंट फर्म आरिफ हबीब। पहले इन इन तीनों पार्टियों ने अपनी सीलबंद बोलियां एक पारदर्शी बॉक्स में जमा कीं। जब बॉक्स खोला गया तो आरिफ हबीब सबसे अधिक बोली लगाने वाले कंपनी बनकर उभरे। उन्होंने एयलाइंस के बदले 115 अरब पाकिस्तानी रुपये की पेशकश की, उसके बाद लकी सीमेंट ने 105.5 अरब रुपये की बोली लगाई और आखिर में एयरब्लू ने 26.5 अरब रुपए की बोली लगाई।

आरिफ हबीब एक सक्सेसफुल पाकिस्तानी बिजनेसमैन, एंटरप्रेन्योर और परोपकारी हैं। वह आरिफ हबीब समूह के संस्थापक हैं, जो कई क्षेत्रों में इनवेस्ट करता है, जैसे वित्तीय सेवाएं, रियल एस्टेट, सीमेंट, फर्टिलाइजर, ऊर्जा और इस्पात।

कंबोडिया ने आपत्ति दर्ज की

# थाई सेना ने कंबोडिया में भगवान विष्णु की 9 मी ऊंची मूर्ति तोड़ी


जेसीबी से तोड़ी गई मूर्ति

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

थाईलैंड और कंबोडिया की बॉर्डर पर थाई सेना ने भगवान विष्णु की एक मूर्ति तोड़ दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक थाई सैनिकों ने बुलडोजर चलाकर मूर्ति को गिरा दिया। घटना 22 दिसंबर की बताई जा रही है। कंबोडिया ने इसे लेकर नाराजगी जताते हुए कहा कि मूर्ति उसके इलाके में थी, जिसे थाईलैंड ने अवैध तरीके से गिरा दिया। कंबोडिया के प्रीह विहार प्रांत के सरकारी प्रवक्ता किम चानपनहा ने कहा कि इस मूर्ति को 2014 में थाईलैंड की सीमा से करीब 100 मीटर दूर बनाया गया था।

थाईलैंड और कंबोडिया के बीच पिछले 6 महीने से प्रीह विहार मंदिर के इलाके को लेकर विवाद चल रहा है। जून में दोनों देशों के बीच जंग भी हुई थी। हालांकि अमेरिकी मध्यस्थता के बाद सीजफायर हो गया था। लेकिन दिसंबर में एक बार फिर विवाद भड़क गया है।

## कैंसर को लेकर हुए अध्ययन में कई चौंकाने वाले खुलासे, 9 ग्राम शराब से मुंह के कैंसर का बढ़ता है खतरा

शराब से 11.5% तंबाकू से 62% कुछ राज्यों में दर 14% तक

# शराब और धुआं रहित तंबाकू की वजह से भारत में 62 प्रतिशत भारतीयों को कैंसर

**एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली**

भारत में मुंह के कैंसर की बड़ी वजह शराब के साथ धुआं रहित तंबाकू उत्पादों का सेवन है। बुधवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट में इसका खुलासा किया गया।

- **हर साल लगभग 1.44 लाख नए मामले और 80 हजार मौतें हो रही**

स्टडी के अनुसार, भारत के 10 में से छह से ज्यादा लोग स्थानीय स्तर पर बनी शराब के साथ ही गुटखा, खैनी और पान जैसे धुआं रहित तंबाकू उत्पादों का सेवन करने के कारण मुंह के कैंसर से पीड़ित हैं। महाराष्ट्र में सेंटर फॉर कैंसर एपिडेमियोलॉजी और होमी भाभा नेशनल इंस्टीट्यूट के शोधकर्ताओं की एक टीम द्वारा किए गए अध्ययन से पता चला है कि दिन में 2 ग्राम से कम बीयर पीने से बक्कल म्यूकोसा कैंसर का खतरा बढ़ जाता है, जबकि दिन में 9 ग्राम शराब जो लगभग एक मानक ड्रिंक के बराबर है से मुंह के कैंसर का खतरा लगभग 50 प्रतिशत बढ़ जाता है। जब इसे चबाने वाले तंबाकू के साथ मिलाया जाता है, तो यह देश में ऐसे सभी मामलों में से 62 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हो सकता है।


फाइल फोटो

ओपन-एक्सेस जर्नल बीएमजे ग्लोबल हेल्थ में विस्तार से बताए गए निष्कर्षों से पता चलता है कि भारत में सभी बक्कल म्यूकोसा कैंसर के 10 में से एक से ज्यादा मामले (लगभग 11.5 प्रतिशत) शराब के कारण होते हैं। मेघालय, असम और मध्य प्रदेश जैसे कुछ राज्यों में इसके मरीजों की संख्या ज्यादा है। कहीं-कहीं तो इसकी दर 14 प्रतिशत तक है।

### *शराब मुंह की अंदरूनी परत कमजोर करती है*

*ग्रेस सारा जॉर्ज के नेतृत्व वाली रिसर्च टीम ने बताया, भले ही तंबाकू का इस्तेमाल लंबे समय से किया जाता रहा हो, लेकिन मुंह के कैंसर को बढ़ाने में शराब बड़ा कारक है। दरअसल, इथेनॉल मुंह की अंदरूनी परत में मौजूद फैट को प्रभावित कर सकता है; ये परत कमजोर हो जाती है, और नतीजतन ये तंबाकू उत्पादों में मौजूद अन्य कार्सिनोजेन के प्रति ज्यादा संवेदनशील हो जाती है। स्थानीय शराब में टॉक्सिन अधिक होने से मुंह का कैंसर बढ़ रहा है, हर साल लगभग 1.44 लाख नए मामले और 80 हजार मौतें हो रही हैं।*

### 43% मरीज 5 साल से अधिक जीवित रहते हैं

भारत में मुंह के कैंसर का मुख्य रूप गालों और होठों की मुलायम गुलाबी परत (बक्कल म्यूकोसा) का कैंसर है। पीड़ितों में से आधे से भी कम (43 प्रतिशत) पांच या उससे ज्यादा साल तक जीवित रहते हैं। अध्ययन में, शोधकर्ताओं ने 2010 और 2021 के बीच पांच अलग-अलग अध्ययन केंद्रों से बक्कल म्यूकोसा कैंसर से पीड़ित 1,803 लोगों और बीमारी से मुक्त 1,903 यादृच्छिक रूप से चुने गए लोगों (कंट्रोल) की तुलना की। अधिकांश प्रतिभागियों की उम्र 35 से 54 वर्ष के बीच थी।



प्रभु यीशु के जन्मदिन पर विविध कार्यक्रम आज

# मध्य-रात्रि में हैप्पी क्रिसमस के स्वरों से गूंज उठे गिरजाघर

**जबलपुर।** मसीही समाज द्वारा प्रभु यीशु का जन्मदिन क्रिसमस पर्व के रूप में आज मनाया जा रहा है। इस अवसर पर नगर के गिरजाघरों में आकर्षक साज-सज्जा की गई। वहीं मध्य रात्रि में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। मसीही जनों ने क्रिसमस ट्री को सजाया है, वहीं सांताक्लाज बच्चों को उपहार बांटने के लिये आतुर रहे। बुधवार को रात्रि के 12 बजते ही क्रिश्चियन समुदाय के महापर्व क्रिसमस की धूमधाम शुरू हो गई। मसीही समाज द्वारा ईसा मसीह के जन्मोत्सव क्रिसमस पर्व के रूप में मनाया जाता है। क्रिसमस का विशेष महत्व होने की वजह से मसीही जनों ने घर-घर क्रिसमस ट्री को सजाया था। गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना के साथ आतिशबाजी की।

ऐसी मान्यता है कि क्रिसमस पर्व पर प्रभु यीशु के दूत सांताक्लाज लोगों के घर आते हैं और उन्हें उपहार देते हैं। बुधवार की मध्य रात्रि से क्रिसमस पर्व की धूम शुरू हुई और गुरुवार की सुबह से चर्चों में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। नगर के गिरजाघरों में मध्य-रात्रि के 12 बजते ही हैप्पी क्रिसमस से गूंजे। सेंट पीटर एण्ड पॉल कैथीड्रल चर्च पेंटी नाका में रात्रि 10.30 बजे से क्रिसमस कैरोल एवं रात्रि 11.30 बजे से पवित्र मिस्सा बलिदान कार्यक्रम हुआ। क्राईस्ट चर्च कैथीड्रल सीएनआई नेपियर टाऊन में कैरोल एण्ड होली कम्यूनियन सर्विस रात्रि 11 बजे से शुरू हुई। इसके अलावा सेंट जॉर्ज ऑर्थोडॉक्स चर्च रिज रोड सेंट एंड्रयूज मार्थोमा चर्च होली ट्रिनिटी चर्च नेपियर टाउन में भी क्रिसमस कैरोल, बच्चों के नाटक, क्रिसमस जागरण और पवित्र मिस्सा बलिदान के आयोजन किये जाएंगे। आज सुबह से गिरजाघरों में फिर से विशेष प्रार्थना सभाएं होंगी और मसीही जने एक-दूसरे को क्रिसमस बधाइयां देंगे। सांताक्लाज बच्चों को उपहार बांटेंगे। रंग-बिरंगी रोशनी से नहाए गिरजाघरों में क्रिसमस की धूम नजर आएगी। गिरजाघरों के अलावा मसीही समाज के घर-घर में केक काटकर प्रभु यीशु के जन्मदिन की खुशियां मनाई जाएंगी।

## रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में खेल बजट और प्रशासनिक लापरवाही पर उठे सवाल

# खेल सुविधाओं की कमी ने रोका छात्राओं का रास्ता

हरिभूमि जबलपुर।

रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में खेल सुविधाएं और यात्रा व्यय समय पर न मिलने से छात्राओं की परेशानी एक बार फिर सामने आई है। विश्वविद्यालय की महिला खिलाड़ी उच्च शिक्षा मंत्री और कुलपति से मिलने के लिए दो घंटे से अधिक समय तक परिसर में प्रतीक्षा करती रहीं, लेकिन कोई भी जिम्मेदार अधिकारी उनसे मिलने नहीं पहुंचा। लंबा इंतजार और निराशा के बाद छात्राओं ने अपनी लिखित शिकायत कुलसचिव को सौंपकर लौटने का निर्णय लिया।



### आश्वासन के बजाय जेब से खर्च करने की शर्त

छात्राओं का आरोप है कि कुलसचिव ने उनकी समस्या का समाधान करने के बजाय यह कह दिया कि पहले वे अपनी जेब से खर्च कर प्रतियोगिता में भाग लें, राशि बाद में लौटा दी जाएगी। मध्यमवर्गीय परिवारों से आने वाली छात्राओं के लिए यह शर्त अव्यावहारिक साबित हुई। इसी कारण बैडमिंटन टीम की मंगलवार को जाने वाली ट्रेन छूट गई और खिलाड़ी समय पर प्रतियोगिता स्थल के लिए रवाना नहीं हो सकीं।

### एक दिन पहले तक नहीं मिली किट और यात्रा राशि

मामला विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षण विभाग से जुड़ा है। विभाग के अंतर्गत हॉकी और बैडमिंटन की छात्रा टीमें 24 दिसंबर 2025 को पुणे स्थित सावित्रीबाई फुले विश्वविद्यालय और सिम्बायोसिस विश्वविद्यालय में आयोजित जोनल प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए रवाना होने वाली हैं। लेकिन प्रस्थान से ठीक एक दिन पहले तक न तो आवश्यक खेल किट उपलब्ध कराई गई और न ही यात्रा के लिए निर्धारित राशि का भुगतान किया गया। इस लापरवाही के चलते हॉकी टीम को भी मजबूरी में अपने निजी संसाधनों और उधार की व्यवस्था से रवाना होना पड़ा।

### खिलाड़ियों पर डाला गया पूरा आर्थिक बोझ

छात्राओं का कहना है कि खेल किट अब तक उपलब्ध नहीं कराई गई है और यात्रा, ठहराव व खेल सामग्री का पूरा बोझ खिलाड़ियों पर डाल दिया गया है। बैडमिंटन में उपयोग होने वाले शटल कॉक का एक डिब्बा ही तीन से पांच हजार रुपये तक का आता है। इसके अलावा यात्रा, ठहराव और अन्य जरूरी खर्च भी हैं। प्रशासन द्वारा बार-बार यह कहा जा रहा है कि पहले खिलाड़ी स्वयं खर्च करें, बाद में भुगतान कर दिया जाएगा, लेकिन इतनी बड़ी राशि का तत्काल प्रबंध करना उनके लिए संभव नहीं है।

### एक साल से गुहार, फिर भी नहीं सुनवाई

पीड़ित छात्राओं ने आरोप लगाया कि वे पिछले एक वर्ष से लगातार अधिकारियों से खेल मद की राशि और किट के लिए गुहार लगा रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इस लापरवाही का सीधा असर खिलाड़ियों के मनोबल और प्रदर्शन पर पड़ रहा है। प्रतियोगिताओं से ठीक पहले ऐसी स्थिति बनने से उनकी तैयारी और आत्मविश्वास दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

### 'खेलो इंडिया' के दौर में विरोधाभास

छात्राओं ने सवाल उठाया कि एक ओर 'खेलो इंडिया' जैसे अभियानों के जरिए खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने की बात की जाती है, वहीं विश्वविद्यालय स्तर पर प्रशासनिक लापरवाही के कारण प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रतियोगिताओं से बाहर होने को मजबूर हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते ठोस निर्णय और भुगतान नहीं हुआ, तो न केवल वर्तमान प्रतियोगिताएं प्रभावित होंगी, बल्कि विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों का मनोबल और भविष्य भी गंभीर संकट में पड़ जाएगा।

# अंतस गीत-संगीत कार्यक्रम गरिमामय ढंग से संपन्न



**जबलपुर।** अंतस साहित्यिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था द्वारा आयोजित अंतस गीत-संगीत की संगीतमयी संध्या कार्यक्रम की संयोजना राजेश तिवारी ने की। कार्यक्रम का रूपरेखा अंतस विनीता पैगवार विधि द्वारा तैयार की गई और संस्थापक डॉ. अनिल कुमार कोरी, सरोज संतोषी एवं संदीप बनोधा के सहयोग से इसे सजाया गया।

डॉ. श्रीमती मंजू गोरे के प्रभावी संचालन में कार्यक्रम प्रेक्षागृह श्रोताओं की तालियों से गुंजायमान रहा। संगीत संयोजन दिनेश खड़ेतिया ने किया, जिसमें लोकेश मालवीय, राजेन्द्र कोरी, अनिल कुमार कोरी और जॉय ने सहयोग दिया। विशेष प्रस्तुतियां संगीत गुरु दिलीप कोरी ने दीं। इस कार्यक्रम में कलाकारों ने प्रख्यात गायक मोहम्मद रफ़ी और अभिनेता धर्मेन्द्र पर फिल्माए गए गीतों की प्रस्तुति दी। गीतों में शामिल थे – "आपको पहले भी कहीं देखा है", "ओ मेरे बेचैन दिल को चैन तूने दिया", "आज मौसम बड़ा बेइमान है", "फिर मिलोगे कभी इस बात का वादा कर लो", "तेरी गलियों में न रखेंगे कदम" और अन्य लोकप्रिय गीत। कार्यक्रम में अर्चना गोस्वामी, प्रो. (डॉ) आज्ञा मिश्रा, इंजी. जी.वी. अग्रवाल, इंजी. अरुण भटनागर, कमलकान्त उपाध्याय, प्रो. नेहा खरे, प्रबोध पाटकर, संध्या पाटकर, मनीष श्रीवास्तव, अभय नायक, अनुकम्पा नायक, जे.पी. खरे, वंदना सिन्हा, निहारिका कुरवाने, निशा पैगवार सहित कई कला साधक उपस्थित रहे और शानदार प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा राजेश पाठक प्रवीण, सुभाष जैन शलभ, अन्नू शाह, आलोक पाठक, राजकुमार मेहरा, शैलेष पुनवटकर, राजेंद्र गोरे, राकेश पैगवार, तुलसी राय, हरिओम हज़ारी, उमेश हंस, अनीता पैगवार, चन्द्रावती पैगवार, की विशेष उपस्थिति रही। इस संगीतमयी संध्या ने श्रोताओं को रफ़ी साहब और धर्मेन्द्र पर आधारित गीतों की मधुर धुनों में डूबने का अवसर प्रदान किया।

### बंगलादेश में हिन्दुओं पर अत्याचार, जानलेवा हमले बंद हों

**जबलपुर।** सिविक सेंटर स्थित वंदे मातरम भारत माता चौक पर विजन जबलपुर के वरिष्ठ नागरिकों द्वारा बंगलादेश के खिलाफ 24 दिसम्बर को विरोध प्रदर्शन किया गया तथा प्रधानमंत्री से अपील की गई कि वे बंगलादेश को उचित सबक सिखाएं। प्रदर्शन के दौरान संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ने कहा कि वर्ष 1971 के युद्ध में बंगलादेश को आजाद कराने के लिए भारतीय सैनिकों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था तथा इस युद्ध में हजारों सैनिक शहीद तथा हताहत हुए थे, वहीं बंगलादेश आज भारतीयों पर हमले कर रहा है जो कि सर्वथा निंदनीय एवं असहनीय कृत्य है। प्रदर्शन के दौरार राजेन्द्र सिंह, सीएस राजपूत, टेकचंद अधिकारी, एसएस चौबे, अशोक राजपूत, प्रदीप श्रीवास्तव, अनूप मजूमदार, अजय राजपूत, बीएस अरोरा, पीके गर्ग, रूपकुमार, छोटेलाल सेन, विजय सूर्यवंशी सहित बड़ी संख्या में संस्था के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टिट्यूट में वार्षिक स्नेह सम्मेलन में सांस्कृतिक धूम



**जबलपुर।** एपीएन ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टिट्यूट का वार्षिक स्नेह सम्मेलन भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों और नन्हे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में ब्रिगेडियर राकेश शर्मा, नगर निगम जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और केंट विधायक अशोक रोहाणी उपस्थित रहे। अध्यक्षता चेयरमेन चमन श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम की शुरुआत ज्ञानदायिनी मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलन और पूजन अर्चन के साथ हुई। महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, गरिमा श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव, मयंक श्रीवास्तव, प्राचार्य डॉ. सोनल श्रीवास्तव, एमपी बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा और सीबीएसई उप-प्राचार्य करन खुराना ने अतिथियों का स्वागत किया।

इस अवसर पर शिक्षा, खेलकूद और अन्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं। राजस्थानी नृत्य, लावंणी, भांगड़ा की धुनों पर सभी ने थिरकते हुए उत्सव का आनंद लिया। बच्चों की लुभावनी प्रस्तुतियों और रामायण पर आधारित लघु नाटिका ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन प्रेरणा पांडे ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन चेयरमेन चमन श्रीवास्तव ने किया। इस अवसर पर धवल श्रीवास्तव, अमरचंद बावरिया, शेषाद्रि अईयर, सिद्दिका उसमानी, डॉ. दिव्या पाराशर, दिलीप कोरी, नीति तंगादुरई, प्रियंका श्रीवास्तव, रजनी श्रीवास्तव, राधा खरे, रिचा राकेश, मौनी यादव, स्नेहा उमरे, जीएम निर्मला, अर्चना यादव, राधिका लालवानी और अन्य कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे, जिन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सराहनीय सहयोग दिया।

# केंद्रीय जेल में मानवाधिकार संगठन का विशेष स्वास्थ्य शिविर



**जबलपुर।** मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा केंद्रीय जेल में त्वचा रोग (स्किन डिज़ीज़) से पीड़ित बंदियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 256 बंदियों का परीक्षण किया गया और उन्हें निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं। शिविर के दौरान बंदियों की छोटी से छोटी और गंभीर त्वचा संबंधी बीमारियों का समुचित परीक्षण एवं उपचार किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष डॉ. अजय वाधवानी, सचिव एड. आशीष त्रिपाठी, महिला विंग प्रमुख एड. भावना निगम, डॉ. अभिषेक जैन के साथ डर्मेटोलॉजिस्ट डॉ. आकाश जैन, डॉ. एसके यादव, डॉ. अशोक मेथवानी और डॉ. श्रीकांत साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी चिकित्सकों ने बंदियों को पूरी निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ सेवाएँ प्रदान कीं। शिविर में जेल में बनी प्योर ब्लॉक यूनिट, झरना और जुरासिक पार्क जैसी बंदियों द्वारा तैयार की गई परियोजनाओं की जानकारी भी दी गई और बंदियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए नए प्रशिक्षण अवसर प्रदान किए गए। स्वास्थ्य शिविर के सफल आयोजन में केंद्रीय जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर, डॉ. लक्ष्मण शाह, उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश, टीआई अंजू मिश्रा और अरविंद डंगी का सहयोग सराहनीय रहा। जेल प्रशासन द्वारा की गई बेहतर व्यवस्थाओं के कारण यह शिविर सुचारू रूप से संपन्न हुआ।

## श्रेष्ठ प्रदर्शन पर प्रतिभागी हुए पुरस्कृत



**जबलपुर।** बेस्ट ब्रिगेड संस्था द्वारा ग्लैमरस फेस ऑफ मप्र 2025 का आयोजन अनुश्री होटल में किया गया जिसमें प्रदेश के प्रतिभाशाली पुरुष, महिला और बच्चों की विभिन्न श्रेणियों में मंचीय चाल, नृत्य और गायन की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम का आयोजन रश्मि खन्ना एवं कपिल खन्ना द्वारा किया गया। बेस्ट ब्रिगेड के संस्थापक केफ मोहम्मद ने बताया कि इस आयोजन में 65 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसी के साथ एटॉमी कंपनी द्वारा सेमिनार एवं सेलिब्रिटी मेकअप आर्टिस्ट आरती पांडे ने मेकअप का विशेष लाईव सेमिनार आयोजित किया, जिसमें 50 मेकअप आर्टिस्ट पूरे मप्र से शामिल हुए। इस अवसर पर भोपाल की परफ्यूम संस्था ने सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया। मिस्टर के विनर रहे भोपाल के फेसल नवाब, ग्लैमर्स फेस ऑफ मप्र मिस दिव्या, ग्लैमरस फेस मिसिस में विनर रहे मुंबई की शकुंतला जिसका जजमेंट अमजद औरा प्रोफेशन मेकअप आर्टिस्ट मॉडल आरती पांडे ने किया। इवेंट के मैनेजमेंट में शिवानी उइके की अहम भूमिका रही।

# "सक्षम" ने दिव्यांगों को वितरित की इलेक्ट्रॉनिक ट्राईसाइकिल



**जबलपुर।** नर्मदा कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, विजय नगर में आयोजित "लाइवलीहुड ऑन व्हील्स सक्षम – एक नई उड़ान" कार्यक्रम में सक्षम महाकौशल मध्य प्रदेश और अल्टियस कंपनी के सहयोग से 28 दिव्यांगों को निःशुल्क इलेक्ट्रॉनिक ट्राईसाइकिल वितरित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कलेक्टर राघवेंद्र सिंह और विशिष्ट अतिथि एसपी सम्पत उपाध्याय रहे। कलेक्टर ने कहा कि आरपीडी एक्ट 16 के लागू होने के बाद दिव्यांगों की स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार हुआ है। एसपी उपाध्याय ने बताया कि दिव्यांग आज समाज के विकास में समान रूप से योगदान दे रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महाकौशल प्रांत प्रचारक बृजकांत चतुर्वेदी ने दिव्यांग सेवा को ईश्वरीय कार्य बताया और कहा कि दिव्यांग हर क्षेत्र में मेहनत कर राष्ट्र के विकास में योगदान कर रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ. पवन स्थापक ने बताया कि सक्षम पूरे देश में 21 प्रकार की दिव्यांगता निवारण परियोजनाओं में सक्रिय है। उन्होंने कहा कि वितरित इलेक्ट्रॉनिक ट्राईसाइकिल अत्याधुनिक और कस्टमाइज्ड है, जो घर के बाहर ट्राईसाइकिल और घर के अंदर व्हीलचेयर में परिवर्तित हो सकती है। पूरे भारत में सक्षम ने अब तक 350 ई-साइकिल का वितरण कर दिव्यांगों को रोजगार और स्वतंत्रता प्रदान की है। कार्यक्रम का संचालन पीयूष जैन ने किया। इस अवसर पर नवनीत महेश्वरी, डॉ. आशीष गुप्ता, प्रभव महेश्वरी, अशोक परियानी, अक्षय सोनी, संदीप जैन (अध्यक्ष समरसता फाउंडेशन), क्षेत्रीय पार्षद कमलेश अग्रवाल, रत्नेश सोनकर (अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जबलपुर) सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति और समाजसेवी उपस्थित रहे।

## युवाओं को नशा मुक्ति अभियान से किया जागरूक



**जबलपुर।** गोविंदराम सेकसरिया महाविद्यालय में 23 दिसम्बर को विद्यार्थी समिति द्वारा नशा मुक्ति जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. अनिल सिंह राजपूत, जिला नोडल अधिकारी, जबलपुर जिला चिकित्सालय जबलपुर उपस्थित रहे, जिनका स्वागत पुष्पगुच्छ से डॉ. शरद रजक ने किया। उन्होंने बताया कि विज्ञापन युवाओं को नशे की ओर आकर्षित करते हैं, तम्बाकू जानलेवा है, तम्बाकू से शरीर के हर अंग को खतरा है, टीबी बीमारी से होने वाली 38 प्रतिशत मौतें तम्बाकू सेवन से होती हैं। नशा मुक्ति के लिए जागरूकता, पालन एवं निगरानी मुख्य उपाय है। नशामुक्ति हेतु स्वयं जागरूक हों एवं दूसरों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम में डॉ. डीबी कोष्टा, डॉ. राजकुमार गौतम, डॉ. संजय कुमार श्रीवास्तव, डॉ. शक्ति प्रताभन, डॉ. शिवकुमार व्यास, डॉ. ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी एवं समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1166/अ-6/2025-26
**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेखर नाथ मुखर्जी S/o नागेन्द्र नाथ मुखर्जी नि.- 2503/1 न्यू कंचनपुर तीन पुलिया के पास ने नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.-25 रकवा 2400 व.फु./हे. ग्राम भडपुरा प.ह.नं. 22 खसरा नं. 289/2 रकवा 2400 व.फु./हे. पर विक्रय पत्र/ हक त्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक- मृत्यु दिनांक- को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र- खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है।

प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं.- प्लाट नं.-25 रकवा-2400 / व.फु.हे. / ग्राम-भडपुरा प.ह.नं.-22 खसरा नं.-289/2 रकवा-2400 व.फु./हे. पर के नाम दर्ज है।

अत: किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 29/12/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 21/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक-21/11/2025
पेशी दिनांक-29/12/2025

मुद्रा

तहसीलदार
रांझी, जबलपुर

# रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड में सड़क निर्माण का हुआ भूमिपूजन



**जबलपुर।** पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक लखन घनघोरिया के द्वारा लगभग 40 लाख रुपए की लागत से विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया जा रहा है, इसी तारतम्य में रविंद्रनाथ टैगोर वार्ड के अंतर्गत कदीर होटल से मकसूदा हॉस्पिटल के सामने तक नूरी नगर मुख्य मार्ग का डामरीकरण तथा पंचशील स्कूल के सामने की सड़क का सिमेंट्रीकरण, पीरु होटल से मुन्ना अंसारी के घर के सामने की सड़क का सीमेंटीकरण, शाहिद चाचा के घर से खंडेलवाल फर्नीचर तक सीमेंट्रीकरण, लकवा यूनिट से खंडेलवाल फर्नीचर तक डामरीकरण, सलीम भाई के घर के सामने सड़क का सिमेंट्रीकरण, शबाना किराना से झीरिया तक सीमेंटीकरण इत्यादि कार्य किया जाना है, पूर्व पार्षद एवं ब्लाक अध्यक्ष आजम अली खान ने बताया कि जिस प्रकार से लखन घनघोरिया विधायक द्वारा लगातार वार्ड में कार्य करवाते जा रहे हैं जिसको लेकर वार्ड की प्रमुख समस्याओं का लगातार निराकरण हो रहा है जिसके लिए मैं एवं समस्त वार्ड के लोग उनका कृतज्ञ होकर आभार व्यक्त करते हैं लोकार्पण कार्यक्रम में पूर्व पार्षद एवं ब्लॉक अध्यक्ष आजम अली, पार्षद कलीम खान, पूर्व पार्षद ताहिर अली, मंडलम अध्यक्ष शेख नासिर, एहसान भाई, मौलाना आरिफ सिद्दीकी, डॉक्टर लतीफ, एडवोकेट हाफिज, शब्बीर भाई, अराफ़ात, अफसर, हाशिम खान, अफसर खान, इरशाद भाई, फैजान खान, रिजवान चक्की, रईस भाई, राजू, हसन भाई, बकरीद भाई, मुन्ना भाई, पिट्टू भाई, एडवोकेट साजिद नवाज, डॉ असलम इत्यादि लोग उपस्थित रहे।



किसी गंभीर दुर्घटना या बीमारी के कारण कई बार हमारी स्पाइन विकारग्रस्त हो जाती है। इसके ट्रीटमेंट में वेसलप्लास्टी तकनीक काफी प्रभावी सिद्ध हो रही है। इसकी विशेषताओं के बारे में एक्सपर्ट डॉ. यहां विस्तार से बता रहे हैं।

# स्पाइन की कई समस्याओं से छुटकारा दिलाए वेसलप्लास्टी



ट्रीटमेंट
डॉ. सुदीप जैन
डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया
नारायणा विहार, नई दिल्ली



रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) से संबंधित कई समस्याओं के इलाज में वेसलप्लास्टी तकनीक, पीड़ितों के लिए नई उम्मीद की तरह विकसित हुई है। मौजूदा दौर में आमतौर पर पीड़ित व्यक्ति 'ओपन सर्जरी' से बचते हुए ऐसी सर्जरी कराने का इच्छुक रहता है, जिसमें कम से कम ऑपरेशन हो और जो सुरक्षित भी हो, इस कसौटी पर वेसलप्लास्टी खरी उतरती है।

**वेसलप्लास्टी की जरूरत:** तंत्रिका तंत्र का एक अभिन्न भाग रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) आपके शरीर को भी एक आकार प्रदान करती है, लेकिन कई बार दुर्घटनाओं या फिर बीमारियों के कारण जब यह विकारग्रस्त हो जाती है, तब कई गंभीर समस्याएं हो सकती हैं। इन समस्याओं के संदर्भ में 'स्पाइनल कॉलम' और 'बर्टिब्रा' के बारे में जानना जरूरी है। गौरतलब है की रीढ़ की हड्डी की गर्दन से लेकर कमर के निचले भाग तक की पूरी संरचना को 'स्पाइनल कॉलम' कहा जाता है। इसी तरह रीढ़ की हड्डी में अनेक कशेरूकाएं (वर्टिब्रा) होती हैं, जिन्हें 'वर्टिब्रल बोन' कहा जाता है, जिनसे रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) बनती है।



**संभव हैं ये दुष्प्रभाव:** सड़क दुर्घटनाओं के अलावा आघात या चोट लगने, ऊंचाई से गिरने, ऑस्टियोपोरोसिस (जरा-सा आघात लगने पर हड्डियों का टूट जाना या फ्रैक्चर होना) की समस्याएं, हड्डियों से संबंधित टीबी (बोन टीबी), रीढ़ की हड्डी में पस पड़ जाना और बोन कैंसर आदि के कारण 'वर्टिब्रल बोन' क्षतिग्रस्त या विकारग्रस्त हो सकती हैं। आमतौर पर ऐसी समस्याएं तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) की कार्यप्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। इनमें ये समस्याएं शामिल हैं-

- शारीरिक संतुलन स्थापित करने में दिक्कत।
- किसी भी तरह की संवेदना का एहसास करने में परेशानी।
- कई मामलों में मल और यूरिन पर नियंत्रण स्थापित न कर पाना।
- पक्षाघात या लकवा होने का जोखिम।

**तकनीक की प्रक्रिया:** वेसलप्लास्टी तकनीक की प्रक्रिया के अंतर्गत मरीज को 'लोकल एनेस्थीसिया' दिया जाता है और फिर इसके बाद उसके विकारग्रस्त या फ्रैक्चर्ड 'वर्टिब्रल बोन' के अंदर एक सूक्ष्म सुई डाली जाती है। इस सुई के आगे के भाग पर एक गुब्बारा (बैलून) लगा होता है। यह बैलून विकारग्रस्त 'वर्टिब्रल बोन' की विकृतियों को समाप्त कर देता है। इस प्रक्रिया के बाद इस बैलून में 'बोन सीमेंट' को भरते हैं, जिसके परिणामस्वरूप 'वर्टिब्रल बोन' के विकारों (डिफेक्ट्स) को दूर किया जाता है। बोन सीमेंट लगभग 15 मिनट के बाद वर्टिब्रल बोन पर अपना प्रभाव छोड़ती है। गौरतलब है कि बोन सीमेंट का शरीर पर कोई दुष्प्रभाव नहीं पड़ता है।

**वेसलप्लास्टी की विशेषताएं:** यह तकनीक अपनी कुछ विशेषताओं के कारण अपनाई जा रही है।

- इस तकनीक को अपनाने से मरीज की ओपन सर्जरी करने की जरूरत नहीं पड़ती। एक छोटे से चीरे से इस तकनीक की प्रक्रिया को अंजाम दिया जाता है।
- संक्रमण का खतरा कम रहता है।
- कम से कम रक्तस्राव होता है।
- मरीज अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ करता है।
- रीढ़ की हड्डी की समस्याओं से छुटकारा पाने के लिए वेसलप्लास्टी के अलावा जो अन्य सर्जिकल प्रोसीजर अपनाएं जाते हैं, उनमें मरीज के विकारग्रस्त वर्टिब्रल बोन में इंप्लांट्स डालने की जरूरत पड़ती है, लेकिन वेसलप्लास्टी में इंप्लांट्स डालने की जरूरत नहीं होती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

आमतौर पर लोग अपनी फिजिकल हेल्थ पर तो ध्यान देते हैं लेकिन ब्रेन हेल्थ को इग्नोर करते हैं। जबकि ब्रेन हेल्थ हमारी पूरी मेंटल हेल्थ को कंट्रोल करता है। इसलिए यह जानना बहुत जरूरी है कि ब्रेन हेल्थ के लिए किन बैड हैबिट्स को छोड़ना और किन गुड हैबिट्स को अपनाना चाहिए। इस बारे में हम दे रहे हैं आपके लिए बहुत यूजफुल सजेशंस।

# आपका ब्रेन हेल्थ रहेगा परफेक्ट लाइफस्टाइल में करें ये बदलाव

हेल्थ सजेशन
डॉ. मोनिका शर्मा

आमतौर पर अच्छे खान-पान से लेकर फिजिकल एक्टिविटी तक, सब कुछ शरीर की अच्छी सेहत से जोड़कर देखा जाता है। नींद और आराम को भी शरीर की थकान उतारने का ही जरिया माना जाता है। जबकि जीवनशैली से जुड़ी यही बातें हमारे ब्रेन हेल्थ को भी गहराई से प्रभावित करती हैं। असंतुलित आहार हो या प्रकृति से दूरी, आराम करने में की गई कोताही हो या नकारात्मक विचारों का घेरा, मस्तिष्क के स्वास्थ्य पर भी दुष्प्रभाव डालते हैं। ऐसी ही कुछ बातों का ध्यान रखने से दुरुस्त रहेगा ब्रेन हेल्थ।





## शारीरिक सक्रियता

फिजिकल एक्टिविटी केवल शरीर का मोटापा काबू में रखने में ही नहीं, ब्रेन फॉग से बचाने में भी मददगार बनती है। व्यायाम चाहे किसी भी रूप में किया जाए, शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार लाने के साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी पॉजिटिव प्रभाव डालता है। नियमित शारीरिक एक्टिविटीज करना अवसाद और चिंता से बचाने वाली जीवनशैली से जोड़ता है। शारीरिक व्यायाम की मनोदशा सुधारने में महत्वपूर्ण भूमिका है। शारीरिक सक्रियता से शरीर को एंडोर्फिन हार्मोन मिलता है। यह हार्मोन शरीर का नेचुरल मूड लिफ्टर है। यही वजह है कि शारीरिक रूप से सक्रिय रहना ओवरथिंकिंग और नेगेटिविटी पैदा करने वाले विचारों से भी दूर रखता है। ये दोनों ही बातें दिमागी सेहत की बेहतरी से भी जुड़ी होती हैं।

## संतुलित आहार

हमारे यहां तो कहा ही गया है कि 'जैसा खावें अन्न, वैसा हो मन।' हर आयुवर्ग के लोगों पर यह बात लागू होती है। समझना जरूरी है कि मन से ही मस्तिष्क भी जुड़ा है। ऐसे में हमारा भोजन शरीर ही नहीं, मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर डालता है। फलों-सब्जियों से भरपूर संतुलित आहार तो भावनात्मक स्वास्थ्य के लिए बहुत अच्छा माना गया है। ऐसी सुपाच्य चीजें बॉडी को भी सही पोषण देती हैं। वहीं खराब फूड हैबिट्स दिमाग से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाती हैं। अस्वास्थ्यकर भोजन किसी काम पर फोकस ना कर पाना, सुस्ती, घबराहट और चिड़चिड़ेपन जैसी भावनाओं को बढ़ाता है। अल्ट्रा-प्रोसेस्ड फूड, फास्ट फूड और शुगर युक्त ड्रिंक्स के सेवन से अवसाद और चिंता का जोखिम भी बढ़ता है। पब्लिक हेल्थ न्यूट्रिशन जर्नल में छपे अध्ययन के मुताबिक नियमित रूप से फास्ट फूड का सेवन करने वाले लोगों में अवसाद विकसित होने की संभावना 51 प्रतिशत ज्यादा होती है। असल में प्रोसेस्ड फूड्स में शामिल शुगर और नमक की अधिक क्वांटिटी वाले फूड प्रोडक्ट्स बहुत स्वादिष्ट लगते हैं। इससे ना केवल इन्हें रेगुलर खाने की लत लग जाती है बल्कि ऐसे फूड प्रोडक्ट्स बॉडी में हार्मोनल और न्यूरो बायोलॉजिकल बदलाव का भी कारण बन सकते हैं। मौजूदा जीवनशैली में अत्यधिक नमक का सेवन याददाश्त और इंटेलिजेंस को कमजोर करने का अहम कारण माना जा रहा है। इसीलिए फिजिकल फिटनेस के लिए ही नहीं दिमाग की सेहत दुरुस्त रखने के लिए भी हेल्दी फूड्स का सेवन करना आवश्यक है।



## कुदरत से नजदीकी

आज के दौर में तकनीकी उपकरणों संग सीमित दायरे में बीत रहा समय हमें प्रकृति से दूर कर रहा है। प्रकृति के संपर्क में कमी को 'स्नेचर डेफिसिट डिसऑर्डर' कहा जाता है। यह डिसऑर्डर शरीर ही नहीं दिमाग की सेहत बिगाड़ने वाला भी है। समझना जरूरी है कि हरे-भरे परिवेश में सैर, योग या जॉगिंग करना शरीर को ही नहीं दिमाग को भी दुरुस्त रखता है। देखने में आता है कि अब फिजिकल एक्टिविटीज भी इंडोर ही की जाती हैं। घर-दफ्तर तो प्राकृतिक जुड़ाव से दूर हैं ही। ऐसे में इरादतन नेचर के करीब रहने का प्रयास किया जाना चाहिए। अमेरिकन साइकोलॉजिकल एसोसिएशन के मुताबिक सप्ताह में कम से कम दो घंटे प्रकृति के करीब बिताने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य दोनों बेहतर हो सकते हैं। हरे-भरे वातावरण में रहने से कोग्निटिव हेल्थ सुधरती है। रचनात्मक सोच बढ़ती है। मन प्रसन्न रहता है। मस्तिष्क ठहराव और सुकून महसूस करता है। ऐसी सभी बातें दिमाग को सक्रिय और स्वस्थ रखती हैं।



## नींद और आराम भी जरूरी

किसी भी काम, भागदौड़ या बिजी रुटीन के बाद शरीर की थकान कम करने के लिए अच्छी नींद लेने को कहा जाता है। हम सब समझते हैं कि यह फिजिकल थकान आराम करने से ही जाएगी। लेकिन यही बात दिमाग की थकान को लेकर नहीं सोची जाती। घंटों काम करने के बाद भी मन-मस्तिष्क को आराम नहीं दिया जाता। जबकि अच्छी नींद शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए जरूरी है। मूड को बेहतर करने के लिए ही नहीं डिसट्रेक्शन घटाने के लिए भी पर्याप्त नींद लेनी ही चाहिए। स्पष्ट देखा जा सकता है कि आज की आपाधापी भरी जीवनशैली में नींद की कमी भी अवसाद, चिंता और दूसरी मानसिक समस्याओं को बढ़ावा दे रही है। इतना ही नहीं ठीक से नींद ना लेना, स्ट्रेस मैनेजमेंट की क्षमता पर भी दुष्प्रभाव डाल रहा है। शुरुआत में सही रुटीन बनाने और अच्छी नींद लेने की अहमियत नहीं समझी जाती और बाद में इंसान बाकायदा अनिद्रा की समस्या के घेरे में आ जाता है। गौरतलब है कि अवसाद के शिकार 90 प्रतिशत तक लोग अनिद्रा यानि इनसोमनिया की शिकायत करते हैं। असल में नींद की कमी से कोर्टिसॉल हार्मोन का लेवल बढ़ता है। ऐसे में समय पर सोने-जागने की दिनचर्या ना केवल तनाव और बेचैनी बढ़ाने वाले कोर्टिसॉल हार्मोन को नियंत्रित रखती है, बल्कि इमोशनल बैलेंस बनाए रखने में भी मदद करती है। *





डाइट एडवाइस / राजकुमार 'दिनकर'

# इनका करें नियमित सेवन इस मौसम में रहेंगे हेल्दी

सर्दी का मौसम अपने साथ बहुत सी समस्याएं लेकर आता है। वायरल इंफेक्शन, धीमी पाचन क्रिया, सर्दी-जुकाम, खांसी, रूखी त्वचा, धूप कम होने से लगातार ठंड लगना, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता, हृदय रोगियों के लिए कई तरह के खतरे, लगातार ठंड के कारण मनोदशा में उतार-चढ़ाव। सर्दी के साथ इन समस्याओं के समाधान के लिए प्रकृति प्रदत्त अनेक खाने की चीजें फल, हरी सब्जियां, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थ खाएं।

**मौसमी फल:** सर्दी के मौसम में अमरूद, कीवी, सेब, अनार, केला, संतरे, मौसंबी, पपीता और भी कई तरह के रसीले फल जो एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होते हैं, इनका खूब सेवन करना चाहिए। ये हमारी पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं और शरीर को बाहरी संक्रमण से लड़ने के लिए तैयार करते हैं।



**साबूत अनाज:** मोटे और साबुत अनाजों को खाने और पचाने के लिए सर्दी का मौसम सबसे उपयुक्त होता है। ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, सोयाबीन, जई, जैसे पारंपरिक भारतीय अनाज को हम रोटी के रूप में या इनके खिचड़ी, दलिया, बनाकर उन्हें मेवों के साथ भी खा सकते हैं। ये अनाज हमारे शरीर को गर्मी देने के साथ-साथ पाचनक्रिया को दुरुस्त करते हैं और ऊर्जा स्तर में भी सुधार करते हैं।

**गर्म पेय पदार्थ:** अदरक, लहसुन, कालीमिर्च, दालचीनी, हल्दी, अजवाइन और तुलसी ये सभी पारंपरिक जड़ी बूटियां और मसाले, सर्दी के मौसम में हमें विशेष तौर पर ठंड से बचाते हैं। ठंड लगने पर तुलसी, सौंफ और दूसरे मसालों से बनी चाय हमें राहत दिलाती है, पाचनक्रिया में सुधार करती है। वायरल संक्रमण से बचाकर हमारे फेफड़ों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। हल्दी वाला दूध, सब्जियों के सूप, शोरबा, गर्म पानी और काढ़ा, शरीर को ठंड से बचाते हैं। सर्दी के इस मौसम में गाजर, टमाटर, मिक्स सब्जियों का सूप भी हमें कब्ज से निजात दिलाकर पाचनक्रिया को दुरुस्त रखता है।

**हरी पत्तेदार सब्जियां:** सर्दी के मौसम में मौसमी सब्जियां, भरपूर मात्रा में उपलब्ध होती हैं। शकरकंद, पालक, मेथी, सरसों, बथुआ, मूली, चुकंदर, शलजम, गाजर, सोया साग, गांठ गोभी, जैसी सब्जियां प्राकृतिक रूप से खनिज लवणों से भरपूर होती हैं। गर्म तासीर वाली इन सब्जियों में आयरन, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फाइबर, बीटा कैरोटीन, विटामिन के और महत्वपूर्ण एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो रक्त में हिमोग्लोबिन की मात्रा को बढ़ाकर शरीर में आयरन की कमी पूरा करते हैं। *





## कोहली ने सबसे तेज 16 हजार रन बनाकर तोड़ा तेंदुलकर का रिकॉर्ड

**बेंगलुरु।** विराट कोहली ने लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे कम पारियों में 16 हजार रन पूरे करके दिग्गज सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया। कोहली ने यह उपलब्धि विजय हजारे ट्रॉफी के एक मैच में हासिल की। वह 330 पारियों में इस मुकाम पर पहुंचे जबकि तेंदुलकर ने 391 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी। दिल्ली की तरफ से खेल रहे 37 वर्षीय कोहली ने आंध्र के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी के पहले मैच के

### विजय हजारे ट्रॉफी : रोहित की सेंचुरी, वैभव और गनी के तूफान में उड़े रिकॉर्ड, कोहली ने रचा कीर्तिमान

# क्रिकेट में नया इतिहास : तीन धुरंधर बल्लेबाजों ने 40 से कम गेंदों में लगाई तूफानी सेंचुरी

एजेंसी ▶▶ रांची

विजय हजारे ट्राफी में बुधवार को 40 से कम गेंदों में तीन सेंचुरी लगी। प्लेट लीग में बिहार के खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी और कप्तान साकिबुल गनी ने रिकॉर्ड बुक में अपना नाम दर्ज कराया। सूर्यवंशी ने 36 गेंद एवं ईशान किशन ने 33 बॉल और गनी ने 32 गेंद में शतक बनाए। वहीं इस ट्राफी में रोहित शर्मा ने लिस्ट ए में अपने कॅरियर का सबसे तेज शतक लगाया और मुंबई को जीत दिलाई। उन्होंने सिक्किम टीम के खिलाफ तूफानी पारी खेली। विराट कोहली ने कम मैचों में 16 हजार रन पूरे किए और दिग्गज सचिन तंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा।

### बिहार टीम ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



**रांची।** बिहार ने विजय हजारे ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मैच में छह विकेट पर 574 रन बनाए, जो लिस्ट ए में एक पारी में सर्वाधिक स्कोर का नया विश्व रिकॉर्ड है। प्लेट ग्रुप के इस मैच में बिहार के बल्लेबाजों ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बिहार ने अपनी पारी में 49 चौके और 38 छक्के लगाए।

### गनी ने सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड किया अपने नाम

जेएससीए ओवल ग्राउंड में विजय हजारे ट्रॉफी के अंतर्गत बिहार और अरुणाचल प्रदेश के बीच मुकाबले में बिहार के कप्तान सकिबुल गनी ने लिस्ट ए क्रिकेट का सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। गनी ने विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन का रिकॉर्ड तोड़ा। पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए सकिबुल गनी ने मात्र 32 गेंद पर शतक लगाया। लिस्ट ए क्रिकेट का ये सबसे तेज भारतीय शतक है। सकिबुल गनी ने 40 गेंदों पर 12 छक्कों और 10 चौकों की मदद से नाबाद 128 रन की पारी खेली। कप्तान सकिबुल गनी के अलावा चौथे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए आयुष लोहारुका ने भी शतक लगाया।

### ईशान ने ठोका 33 गेंदों में शतक

ईशान किशन ने बुधवार को विजय हजारे ट्रॉफी में कर्नाटक के खिलाफ 33 गेंदों में शतक ठोक दिया। वह लिस्ट ए फॉर्मेट में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय प्लेयर्स में से एक बन गए हैं। 50 ओवर के फॉर्मेट में अपने टॉप-ऑर्डर रोल से हटकर इशान झारखंड के लिए 38वें ओवर के आखिर में नंबर छह पर बल्लेबाजी करने आए और अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज क्रिकेट ग्राउंड बी में एक शानदार शतक बनाया। उन्होंने 14 छक्के लगाए। उनकी पारी से झारखंड ने 50 ओवर में 9 विकेट पर 412 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया। हालांकि इशान सबसे तेज लिस्ट ए सेंचुरी बनाने वाले भारतीय बनने से चूक गए।

**लिस्ट 'ए' में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज**

| बॉल | खिलाड़ी | सन |
|---|---|---|
| 32 | साकीबुल गनी | 2025 |
| 33 | इशान किशन | 2025 |
| 35 | अनमोलप्रीत सिंह | 2024 |
| 36 | वैभव सूर्यवंशी | 2025 |
| 40 | यूसुफ पठान | 2010 |
| 41 | उर्विल पटेल | 2023 |
| 42 | अभिषेक शर्मा | 2021 |

### रोहित की हिटमैन शैली में शतकीय पारी




**जयपुर।** सात साल बाद विजय हजारे ट्रॉफी खेलने वाले रोहित शर्मा ने बिल्कुल 'हिटमैन' शैली में शतकीय पारी खेलकर गुलाबी शहर के क्रिकेटप्रेमियों के लिये क्रिसमस की पूर्व संध्या पर शानदार तोहफा दिया। इस मुकाबले को देखने के लिये 20 हजार से ज्यादा लोग स्टेडियम में जमा थे और सभी के लिए वजह सिर्फ एक थी ..रोहित शर्मा। रोहित ने अपने कैरियर का 37वां लिस्ट ए शतक जमाते हुए 93 गेंदों में 155 रन बनाए। इस पारी में उनके शानदार पूल, हवाई शॉट्स और स्वीप शॉट देखने को मिले। ऐसा लग रहा था कि लोग अपने पसंदीदा गायक के कन्सर्ट में आए हैं, जो एक के बाद एक हिट गाने सुना रहा है। स्टेडियम से रवाना होने तक रोहित के बल्ले से निकले 18 चौके और नौ छक्के उन्हें संतुष्ट करने के लिए काफी थे।सिक्किम ने सात विकेट पर 236 रन बनाए। रोहित ने सिक्किम के अनुभवहीन गेंदबाजों के सामने 62 गेंद में शतक और 91 गेंद में 150 रन बनाए। वह क्रांति कुमार की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देकर लौटे। मुंबई ने सिक्किम को हराया

### वैभव ने 36 गेंद में ठोकी सेंचुरी



**रांची।** वैभव सूर्यवंशी ने अपने कौशल का अद्भुत नजारा पेश करते हुए बिहार की तरफ से खेलते हुए अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे प्लेट ग्रुप मैच में 84 गेंदों में 190 रन बनाए, जिसमें 15 छक्के शामिल हैं। इस 14 वर्षीय सलामी बल्लेबाज ने अरुणाचल प्रदेश के कमजोर गेंदबाजी आक्रमण की धज्जियां उड़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। सूर्यवंशी ने केवल 36 गेंदों में शतक पूरा किया। इस तरह से वह लिस्ट ए क्रिकेट में सबसे तेज शतक बनाने वाले भारतीय बल्लेबाजों में दूसरे नंबर पर काबिज हो गए हैं। भारतीय रिकॉर्ड पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह के नाम है, जिन्होंने 2024 में इसी टीम के खिलाफ 35 गेंदों में शतक बनाया था। सूर्यवंशी ने अपनी पारी में 15 छक्कों के अलावा 16 चौके भी जड़े। इस प्रारुप में सबसे तेज शतक का विश्व रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के जेक फ्रेजर मैकगर्क (29 गेंद) के नाम पर दर्ज है। उन्होंने 2023-24 के सत्र में दक्षिण ऑस्ट्रेलिया की तरफ से खेलते हुए तस्मानिया के खिलाफ यह रिकॉर्ड बनाया था।

## खबर संक्षेप



### विवाह बंधन में बंधी वीनस एंड्रिया प्रेटी से की शादी

**पाम बीच।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी वीनस विलियम्स ने एंड्रिया प्रेटी से शादी कर ली है। वीनस ने सोशल मीडिया पर यह घोषणा की। वीनस और प्रेटी फ्लोरिडा के पाम बीच में सप्ताहांत में पांच दिवसीय समारोह के विवाह बंधन में बंधे। जुलाई में टूर स्तरीय एकल मैच जीतने वाली दूसरी सबसे उम्रदराज महिला खिलाड़ी बनने के बाद 45 वर्षीय वीनस ने डीसी ओपन में स्टैंड में मौजूद अपने मंगेतर का आभार व्यक्त किया था। प्रेटी डेनमार्क में जन्में इतालवी मॉडल और अभिनेता हैं।

### खेल का अत्यधिक विश्लेषण और बदलाव नहीं करें ग्रीन

**मेलबर्न।** दिग्गज खिलाड़ी रिकी पोंटिंग ने ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन को चीजों को सरल बनाए रखने की सलाह देते हुए कहा कि टेस्ट क्रिकेट में सही रणनीति अपनाने के लिए वह अपने खेल का अत्यधिक



विश्लेषण या उसमें बदलाव नहीं करें। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने कहा, 'वह अपने खेल के बारे में बहुत ज्यादा सोचते हैं और चीजों में काफी बदलाव करना पसंद करते हैं।' उन्होंने कहा, 'लेकिन अगर मुझे उसे कोई सलाह देनी हो तो वह यही होगी कि चीजों को जितना हो सके उतना सरल बनाए रखें। घरेलू क्रिकेट में अपने अच्छे प्रदर्शन के बारे में सोचें और घरेलू क्रिकेट के अपने अच्छे प्रदर्शन को टेस्ट क्रिकेट में भी दोहराने की कोशिश करें।'

### गुकेश के पास जीत के साथ सत्र का अंत करने का मौका

**दोहा।** इस साल खराब फॉर्म से जूझ रहे विश्व चैंपियन डी गुकेश के पास जीत के साथ अंत करने का सुनहरा मौका है जबकि कोनेरु हम्पी सितारों से सजी विश्व रैपिड और ब्लिट्ज शतरंज चैंपियनशिप में



खिताब बचाने की कोशिश में होंगी। सत्र के आखिरी टूर्नामेंट में पांच बार के विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन, अमेरिका के फेबियानो कारुआना और वेसली सो, रूस के ग्रैंडमास्टर इयान नेपोम्नियाश्चि और भारत के आर प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी और निहाल सरीन भी ओपन वर्ग में उतरेंगे। दो साल पहले डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीतने वाले डी गुकेश इस साल अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

# एशेज श्रृंखला : आर्चर दो मैच से बाहर, इंग्लैंड की बढ़ीं मुश्किलें

एजेंसी ▶▶ मेलबर्न

इंग्लैंड के गेंदबाज जोफ्रा आर्चर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो एशेज टेस्ट मैचों में नहीं खेल पाएंगे। टीम के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इससे इंग्लैंड की मैदान और मैदान से इतर की समस्याएं और बढ़ गई हैं।

इसमें उसके सलामी बल्लेबाज बेन डकेट पर नशे में धुत होकर रास्ता भटकने का आरोप भी शामिल हैं। ती स वर्षीय आर्चर पिछले चार वर्षों से पीठ और दाहिनी कोहनी में स्ट्रेस फ्रेक्चर सहित कई तरह की फिटनेस समस्याओं से जूझ रहे थे। उन्होंने भारत के खिलाफ लंबे समय बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी की और उसके बाद वह शानदार फॉर्म में थे।



### चौथा टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में कल से

इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट शुक्रवार को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में शुरू होगा जबकि पांचवां और अंतिम टेस्ट मैच चार जनवरी से सिडनी में खेला जाएगा। ऑस्ट्रेलिया पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में अभी 3-0 से आगे है और उसने एशेज अपने पास बरकरार रखी है। आर्चर एमसीजी में अभ्यास सत्र के लिए मैदान पर पहुंचे, लेकिन उन्होंने अभ्यास नहीं किया। बाद में टीम के एक प्रवक्ता ने पुष्टि की कि वह दौरे के बाकी बचे दो मैच से बाहर हो गए हैं। आर्चर ने पर्थ, ब्रिस्बेन और एडिलेड में खेले गए मैचों में कुल 80 ओवर गेंदबाजी की थी, जिसमें उन्होंने 27.11 की औसत से नौ विकेट लिए। उन्होंने एडिलेड में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में पहली पारी में 53 रन देकर पांच विकेट लिए और 51 रन बनाए।

### चौथे टेस्ट के लिए किया टीम का ऐलान

इंग्लैंड ने चौथे टेस्ट मैच के लिए अपनी टीम की घोषणा की जिसमें आर्चर की जगह गस एटकिंसन को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है। इसके अलावा तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने वाले ओली पोप की जगह जैकब बेथेल को टीम में लिया गया है। पोप का इस श्रृंखला में बल्लेबाजी औसत 20.83 है। डकेट ने श्रृंखला में खराब प्रदर्शन के बावजूद टीम में अपना स्थान बरकरार रखा है। इंग्लैंड टीम में जैक क्रॉली, बेन डकेट, जैकब बेथेल, जो रूट, हैरी ब्रुक, बेन स्टोक्स (कप्तान), जेमी स्मिथ, विल जैक्स, गस एटकिंसन, ब्रायडन कार्स, जोश टोंग।

### सीनियर बैडमिंटन राष्ट्रीय चैंपियनशिप

## उन्नति, तन्वी, संस्कार और चौहान ने जीते मुकाबले

**विजयवाड़ा।** बैडमिंटन खिलाड़ी उन्नति हुड्डा, तन्वी शर्मा, रौनक चौहान और संस्कार सारस्वत ने 87वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप में अपने मुकाबले जीत लिए। शीर्ष वरीय उन्नति को पहले दौर में बाई मिली थी, उन्होंने वाइल्डकार्ड से प्रवेश करने वाली आकांक्षा माटे को 21-8, 21-18 से जबकि विश्व जूनियर चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता तन्वी ने शाइना मानिमुथु पर 21-10, 21-14 से जीत हासिल की।



संस्कार ने भी पुरुष एकल में शिखर रालन पर 21-11, 21-13 की जीत से अभियान शुरू किया। अनुभवी आकर्षि कश्यप और अस्मिता चालिहा ने भी अगले दौर में जगह बनाई। आकर्षि ने एशियाई अंडर-17 चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता लक्ष्या राजेश को 21-7, 21-9 से जबकि अस्मिता ने काव्या मार्वानिया को 21-7, 21-11 से मात दी। पूर्वा बारवे (16वीं वरीय) एकमात्र वरीय खिलाड़ी रहीं, जिन्हें राउंड 64 में हार का सामना करना पड़ा। उन्हें एम मेघना रेड्डी से 21-19, 17-21, 18-21 से पराजय मिली।

### आईसीसी रैंकिंग

## सूर्यकुमार को झटका, टॉप 10 से बाहर, तिलक ने लगाई छलांग

एजेंसी ▶▶ दुबई

आईसीसी की ओर से एक बार फिर से टी20 इंटरनेशनल की रैंकिंग जारी कर दी है। इसमें भारतीय टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव को बड़ा झटका लगा है। आईसीसी की रैंकिंग में सूर्या लंबे समय बाद टॉप 10 से बाहर हो गए हैं। हालांकि राहत की बात ये है कि तिलक वर्मा ने एक और छलांग मारी है।

### तिलक वर्मा को फायदा

इस बीच भारत के तिलक वर्मा ने छलांग मारी है। अब तिलक वर्मा एक स्थान की उछाल के साथ नंबर तीन पर पहुंचने में कामयाब हो गए हैं। उनकी रेटिंग बढ़कर 805 की हो गई है। इस बीच तिलक वर्मा के आगे जाने से कुछ बल्लेबाजों को नुकसान उठाना पड़ा है। श्रीलंका के पथुम निसंका एक स्थान के नुकसान के साथ अब नंबर 4 पर चले गए हैं, उनकी रेटिंग 779 की है। इंग्लैंड के जॉस बटलर 770 की रेटिंग के साथ नंबर 5 पर अपना कब्जा जमाए हुए हैं।



### सूर्यकुमार 13वें स्थान पर फिसले

इस बीच साउथ अफ्रीका के विस्फोटक बल्लेबाजों में से एक डेवाल्ड ब्रेविस पांच स्थानों की छलांग के साथ सीधे नंबर 10 पर पहुंच गए हैं। उनकी रेटिंग अब 680 की हो गई है। डेवाल्ड पहली बार टॉप 10 में अपनी जगह बनान में कामयाब हुए हैं। बात अगर सूर्यकुमार यादव की करें तो वे लंबे समय बाद टॉप 10 से बाहर हुए हैं। वे अब सीधे तीन स्थानों के नुकसान के साथ 13वें नंबर पर पहुंच गए हैं।

## आईएलटी20: पूरन-वसीम की 140 रन की साझेदारी, नॉकआउट में पहुंची एमआई

एजेंसी ▶▶ अबू धाबी

निकोलस पूरन और मोहम्मद वसीम के नाबाद अर्धशतकों की मदद से एमआई एमिरेट्स ने जायद क्रिकेट स्टेडियम में आईएलटी20 क्रिकेट टूर्नामेंट में गल्फ जायंट्स पर आठ विकेट से आसान जीत हासिल करके प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की कर ली। जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट पर 141 रन बनाए। उसकी तरफ से मोईन अली के 48 गेंदों में सर्वाधिक 51 रन का योगदान दिया।

एमआई एमिरेट्स की तरफ से रोमारियो शेफर्ड और फजलहक फारुकी ने दो-दो विकेट लिए। इसके जवाब में एमआई एमिरेट्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने दो रन पर दो विकेट गंवा दिए। पूरन और वसीम ने इसके बाद तीसरे विकेट के लिए 140 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को 21 गेंद से रहते हुए जीत दिलाई। वसीम ने 42 गेंदों में तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 59 रन जबकि पूरन ने 49 गेंदों में छह छक्के और तीन चौकों की मदद से नाबाद



### आईडब्ल्यूएल

## नीता एफए ने सेसा को हराया प्यारी खाका ने लगाई हैट्रिक



एजेंसी ▶▶ कोलकाता

प्यारी खाका की हैट्रिक की बदौलत नीता फुटबॉल अकादमी ने सेसा फुटबॉल अकादमी को 6-1 से हराकर 'इंडियन वुमेन्स लीग' (आईडब्ल्यूएल) 2025-26 अभियान में अपनी पहली जीत दर्ज की। खाका शानदार फॉर्म में थीं, उन्होंने क्रिसमस की पूर्व संध्या पर (पहले, 71वें और 74वें मिनट) में हैट्रिक लगाकर अपनी टीम को बड़ी जीत दिलाई। नीता एफए की टोगो की फॉरवर्ड अमीरातौ एनजंबारा (25वें और 60वें मिनट) ने दो गोल किए जबकि मिडफील्डर भूमिका देवी (छठे मिनट) ने एक गोल किया। सेसा की घाना की फॉरवर्ड डायना एंटवी (90+3वें मिनट) ने आखिर में एक गोल किया। नीता एफए के दो मैच में चार अंक हैं और फिलहाल तालिका में शीर्ष पर है जबकि सेसा का खाता अभी तक नहीं खुला है।

### यादें 2025 : बिना हाथ की 18 वर्षीय तीरंदाज ने अपनी दृढ़ता से कायम की मिसाल

# शीतल का शानदार प्रदर्शन, रिकर्व खिलाड़ियों ने किया निराश

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

जन्म से ही हाथों के बिना जन्मी शीतल देवी ने अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन करते हुए वर्ष 2025 में भारतीय तीरंदाजी को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, लेकिन अगले साल होने वाले एशियाई खेलों से पहले रिकर्व तीरंदाजों का प्रदर्शन चिंताजनक बना हुआ है। जम्मू के किश्तवाड़ की रहने वाली 18 वर्षीय शीतल ने पूरे वर्ष अपने दमदार प्रदर्शन से अपनी दृढ़ता की शानदार मिसाल कायम की।

पेरिस में 2024 में खेले गए पैरालंपिक खेलों की कांस्य पदक विजेता इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने पैरा तीरंदाजी में विश्व चैंपियन बनकर अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की। दक्षिण कोरिया के ग्वांगजू में आयोजित विश्व पैरा तीरंदाजी चैंपियनशिप में शीतल ने महिला कंपाउंड ओपन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता।



### रिकर्व तीरंदाजों के लिए मुश्किल रहा साल

भारत के रिकर्व तीरंदाजों के लिए विश्व स्तर की प्रतियोगिताओं में यह साल काफी मुश्किल रहा। विश्व चैंपियनशिप में भारत कोई भी पदक नहीं जीत पाया, जिससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन में निरंतरता का अभाव भी उजागर हुआ।

### कंपाउंड तीरंदाजी को मिली ओलंपिक में मान्यता

इस साल का एक अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम यह रहा कि दशकों के इंतजार के बाद आखिरकार 2025 में कंपाउंड तीरंदाजी को ओलंपिक में मान्यता मिल गई। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने घोषणा की कि कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा को 2028 में लॉस एंजिल्स में होने वाले खेलों के तीरंदाजी कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा। इस स्पर्धा के शामिल होने से ओलंपिक तीरंदाजी में पदक स्पर्धाओं की कुल संख्या छह हो गई है। रिकर्व वर्ग में पहले से ही पांच स्पर्धाएं शामिल हैं। भारत ने अभी तक ओलंपिक तीरंदाजी में पदक नहीं जीता है, लेकिन उसके पास दुनिया की सबसे मजबूत कंपाउंड तीरंदाजी टीम है। ऐसे में यह फैसला उसके लिए बेहद महत्वपूर्ण है। अभिषेक वर्मा, ज्योति सुरेखा वेन्नम, ऋषभ यादव जैसे तीरंदाजों से अगले ओलंपिक खेलों में पदक की उम्मीद की जा सकती है।

### एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में बेहतरीन प्रदर्शन

ढाका में आयोजित एशियाई तीरंदाजी चैंपियनशिप में भारत ने महाद्वीपीय स्तर पर अपना अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया और 10 पदकों (छह स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। अंकिता भकत ने महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि धीरज बोम्मादेवरा ने पुरुष रिकर्व का खिताब अपने नाम किया। यह पहला अवसर था जबकि भारतीय खिलाड़ियों ने एशियाई चैंपियनशिप में रिकर्व की दोनों व्यक्तिगत स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीता। पुरुषों की रिकर्व टीम ने भी एक रोमांचक शूट ऑफ में कोरिया को हराकर उनके लंबे समय से चले आ रहे वर्चस्व को तोड़ा।

### इंग्लिश लीग कप फुटबॉल

## आर्सेनल की सेमीफाइनल में एंट्री



एजेंसी ▶▶ लंदन

आर्सेनल ने एक रोमांचक मैच में क्रिस्टल पैलेस को पेनल्टी शूटआउट में 8-7 से हराकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना चेल्सी से होगा। केपा अरिजाबलागा ने एमिरेट्स स्टेडियम में खेले गए मैच में मैक्सेंस लैक्रोइक्स की पेनल्टी किक को रोककर आर्सेनल की शूटआउट में जीत पक्की की। निर्धारित समय तक यह मैच 1-1 से बराबरी पर था। इससे पहले लैक्रोइक्स ने 80वें मिनट में आत्मघाती गोल किया, जिससे आर्सेनल ने बढ़त हासिल की। मार्क गुएही ने स्टॉपेज टाइम में पैलेस के लिए बराबरी का गोल दागा। दूसरे सेमीफाइनल में मैनचेस्टर सिटी का मुकाबला मौजूदा चैंपियन न्यूकैसल से होगा।

